

डाक पंजिकृत ए/बी 123/21.23

# झुग्गी झोपड़ी

हिन्दी दैनिक प्रयागराज से प्रकाशित हम बनेंगे आपकी आवाज

Website : www.jhuggijhopri.com www.jjnews.in प्रयागराज,रविवार 29 जनवरी,2023 वर्ष–07/अंक–258 प्रष्ठ–08/मूल्य–2 रूपये

## सुरक्षा को लेकर खरगे ने अमित शाह को लिखी चिट्ठी, कहा– आप व्यक्तिगत रूप से करें हस्तक्षेप

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारत जोड़ो यात्रा में शामिल यात्रियों को समुचित सुरक्षा देने की मांग को लेकर



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने चिट्ठी में कांग्रेस पार्टी की तरफ से कई मांगें रखी हैं। खरगे ने इस मामले में अमित शाह से व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने की अपील की है और संबंधित अधिकारियों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने के लिए निर्देश जारी करने के लिए भी कहा है। बता दें कि शुक्रवार को जम्मू–कश्मीर में सुरक्षा कारणों के चलते राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा को स्थगित कर दी थी। खरगे ने चिट्ठी में लिखा कि मैं आपको यह पत्र आज भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण सुरक्षा चूक के संबंध में लिख रहा हूं, जिसके बारे में आप पहले से ही जानते होंगे। राहुल गांधी की सुरक्षा व्यवस्था के प्रभारी सुरक्षा अधिकारियों की सलाह पर यात्रा को शुक्रवार को स्थगित करना पड़ा। हम जम्मू–कश्मीर पुलिस की सराहना करते हैं और उनके बयान का स्वागत करते हैं क्योंकि उन्होंने यात्रा के समापन तक पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने का भरोसा दिया है।बहरहाल, आप इस बात की सराहना करेंगे कि प्रतिदिन भारत जोड़ो यात्रा में आम लोगों की भारी भीड़ शामिल हुई है और चली है। आयोजकों के लिए यह बताना मुश्किल है कि पूरे दिन में कितने लोगों के आने की उम्मीद है क्योंकि यह यात्रा में शामिल होने के लिए आम लोगों का सहज भाव है।खरगे ने लिखा कि हम अगले दो दिनों में यात्रा में शामिल होने के लिए एक विशाल सभा की उम्मीद कर रहे हैं और 30 जनवरी को श्रीनगर में होने वाले समारोह की भी उम्मीद कर रहे हैं। 30 जनवरी को होने वाले समापन समारोह में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और अन्य महत्वपूर्ण राजनीतिक दलों के नेता शामिल हो रहे हैं।यदि आप व्यक्तिगत रूप से इस मामले में हस्तक्षेप कर सकते हैं और सलाह दे सकते हैं तो मैं आभारी रहूंगा। संबंधित अधिकारियों को यात्रा के समापन तक पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश जारी करें।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारत जोड़ो यात्रा में शामिल यात्रियों को समुचित सुरक्षा देने की मांग को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने चिट्ठी में कांग्रेस पार्टी की तरफ से कई मांगें रखी हैं। खरगे ने इस मामले में अमित शाह से व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करने की अपील की है और संबंधित अधिकारियों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने के लिए निर्देश जारी करने के लिए भी कहा है। बता दें कि शुक्रवार को जम्मू–कश्मीर में सुरक्षा कारणों के चलते राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा को स्थगित कर दी थी। खरगे ने चिट्ठी में लिखा कि मैं आपको यह पत्र आज भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दुर्भाग्यपूर्ण सुरक्षा चूक के संबंध में लिख रहा हूं, जिसके बारे में आप पहले से ही जानते होंगे।

## देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाएगी युवा पीढ़ी हर कोई कर रहा भारत की बात



इस दौरान एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वसुधैव कुटुम्बकम की सच्ची भारतीय भावना के तहत 19 देशों के 196 अधिकारियों और कैडेट्स को हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष के इस पड़ाव में एनसीसी भी अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। इन वर्षों में एसीसी का जिन लोगों ने प्रतिनिधित्व किया है, जो इसका हिस्सा रहे हैं, मैं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की सराहना करता हूं। अपने संबोधन में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि जिस देश के युवा उत्साह और जोश से भरे हुए हों, उस देश की प्राथमिकता सदैव युवा ही होंगे। आज का भारत अपने सभी युवा साथियों को वो मंच देने का प्रयास कर रहा है जो आपके सपने को पूरा कर सके। उन्होंने आगे कहा कि भारत के युवाओं के लिए यह नए अवसरों का समय है।

## नगर पालिका क्षेत्र में शामिल होने वाले गांवों का हाल ,नगरीय तो मिली नहीं गांव की भी छीन ली गई सुविधाएं

मुंगराबादशाहपुर (जौनपुर) । प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप प्रशासन द्वारा नगर क्षेत्र के किए गए सीमा विस्तार में नगर पालिका परिषद मुंगराबादशाहपुर में शामिल होने वाले गांवों का हाल बेहाली की ओर अग्रसर हो गया है। आलम यह है कि नगर में शामिल होने वाले गांवों को नगरीय सुविधाएं तो मिली नहीं अलबत्ता गांवों को मिलने वाली सुविधाएं भी उनसे छीन ली गई। जिसके कारण नगर पालिका क्षेत्र में शामिल होने वाले गांवों की सफाई व्यवस्था के साथ ही विकास कार्यों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। यह पढ़ने सुनने में भले ही अटपटा लगे लेकिन हकीकत यही है कि मुंगराबादशाहपुर नगर पालिका क्षेत्र में शामिल होने वाले गांवों के लोग उपेक्षित कर दिए गए हैं।आलम तो यह है कि नगर क्षेत्र में शामिल होने वाले गांवों में गरीबी का दंश झेल रहे लोग शासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से भी वंचित कर दिए जा रहे हैं । लोगों का कहना है कि भीषण शीतलहर में भी नगर पालिका क्षेत्र में शामिल होने वाले गांवों के गरीबों मजलूमों एवं असहायों को ठंड से बचाव हेतु न तो कहीं अलाव जलाए गए और न ही शासन द्वारा गरीबों मजलूमों एवं असहायों के लिए आने वाले कंबल आदि ही मुहैया कराए जा रहे हैं। यदि देखा जाए तो नगरीय क्षेत्र में शामिल होने वाले मुंगराबादशाहपुर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत धौरहरा, मुगरडीह ,सरोखनपुर , अहमदपुर कैथौली, बहोरिक पुर , भैरोपुर, गोरैयाडीह, सराय रूस्तम , कमालपुर, पकड़ी आदि गांवों के विकास कार्यों पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अघोषित रूप से रोक लगा दी गई है । जिसके कारण इन गांवों में मनरेगा के तहत मजदूरी कर अपने परिवार की आजीविका चलाने वाले गरीबों का रोजगार भी छिन गया है । उनके सामने अब अपने परिवार के भरण पोषण के लिए भटकना पड़ रहा है तथा कभी कभी तो उन्हें फांका कसी भी करनी पड़ जाती है। फिलहाल नगर क्षेत्र में शामिल होकर नगरीय सुविधाओं के मिलने का सपना देख रहे गांव के लोगों को नगरीय सुविधाएं तो मुहैया नहीं कराई गई अलबत्ता गांवों को मिलने वाली सुविधाओं से भी उन्हें महरूम कर दिया गया । इस सम्बन्ध में लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

## भारतीय सवर्ण संघ द्वारा माघ मेला में 500 कम्बल वितरण



प्रयागराज।ब्राह्मण प्रोफेशनल ग्रुप के सौजन्य से विशाल भंडारा व 500 कम्बल वितरण उमाशक्ति पीठाधीश्वर दण्डी स्वामी रामदेवानंद सरस्वती जी महाराज के सानिध्य में संगम तल प्रयागराज में कम्बल सन्त महात्माओं वितरण भारतीय सवर्ण संघ महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष व ब्राह्मण प्रोफेशनल ग्रुप की संरक्षक श्रीमती सुमन त्रिपाठी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्रा जी भारतीय सवर्ण संघ के राष्ट्रीय संयोजक गुलाब तिवारी राष्ट्रीय महासचिव राधेश्याम उर्फ साधू तिवारी संरक्षक ममता द्विवेदी एड. कंचन पाण्डे विधि प्रकोष्ठ महासचिव, पीडब्ल्यूएस प्रमुख एड. आर के पाण्डेय ,भारतीय सवर्ण संघ जिला संयोजक प्रयागराज संदीप शुक्ला, विमलेंद्र ,गोपी केशरवानी, निरंकार मणि त्रिपाठी, विजय उपाध्याय ,महेंद्र पाण्डे वाराणसी, चन्दन देव समस्तीपुर, बृजेश पाण्डे गया, द्वारा वितरण किया गया ।भारतीय सवर्ण संघ के संस्थापक पूज्य गुरुदेव दण्डी स्वामी रामदेवानन्द सरस्वती जिमहराज ने बताया कि हर वर्ष भारतीय सवर्ण संघ व ब्राह्मण प्रोफेशनल ग्रुप की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सुमन त्रिपाठी व राष्ट्रीय महासचिव पँडित साधू तिवारी सौजन्य से संत महात्माओं को कम्बल वितरण व भंडारे का आयोजन होता रहता । माघ मास में संगम नगरी प्रयागराज में सन्त समाज के लिए अन्न व। वस्त्र दान का बहुत पुनीत कार्य है।

## प्राइमरी स्कूल, सुतौली में दिखा गणतंत्र दिवस का जलवा



जौनपुर। प्रतिभाएं परिस्थितियों की मोहताज नहीं होती। अगर मार्गदर्शक शिक्षक अच्छे हो तो विषम परिस्थितियों में भी प्रतिभाएं निखर जाती हैं। ऐसा ही कुछ नजारा प्राइमरी पाठशाला, सुतौली, बदलापुर द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में देखने को मिली। हरिजन बस्ती के बीच में स्थित इस प्राइमरी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी इसी बस्ती से आते हैं। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि के रुप में उपस्थित मुंबई के वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे ने बच्चों के साथ साथ उनके अभिभावकों का हौसला अफजाई करते हुए स्कूल के प्रधानाध्यापक दिवाकर दुबे, शिक्षक योगेश भारती ,दुर्गेश कुमार पांडे, प्रवेश वर्मा के साथ–साथ शिक्षामित्र शकुंतला देवी और रागिनी मिश्रा को शानदार तैयारी के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व प्रधान अमरनाथ हरिजन तथा देवी प्रसाद खरवार ने भी बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना की।

## 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में भव्य परेड का हुआ आयोजन, राष्ट्रीय ध्वज को किया गया सलाम



वाराणसीरू–– 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन कमिश्नरेट में भव्य परेड का आयोजन किया गया, परेड का नेतृत्व श्रीमती शिवा सिंह सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज द्वारा किया गया, जिसमें द्वितीय कमांडर प्रदीक कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व तृतीय कमांडर प्रियांश्री पाल सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा किया गया, परेड में निम्न टोलियो ने भाग लिया,सहस्त्र पुलिस उ0नि0स0पु0 बाल गोविंद सिंह,यातायात पुलिस पीएसआई देवानंद बरनवाल,सी0ई0आर0उवनिव धर्मेंद्र शुक्ला, 34 वाहिनी पीएसी ई दल और उनके साथ वाराणसी पुलिस के पुलिस फोर्स शामिल हुए मुख्य अतिथि रविंद्र जायसवाल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्टांप तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीकरण विभाग, गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में झंडा फहराया गया, परेड में सम्मिलित पुलिस जवानों द्वारा इस अवसर पर हर्ष के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलाम किया गया, गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन कमिश्नरेट वाराणसी, रामकुमार अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, कौशल राज शर्मा मंडल आयुक्त वाराणसी, केव सत्यनारायण पुलिस महानिदेशक वाराणसी, संतोष कुमार सिंह अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध,एस राजलिंगम जिला अधिकारी, अजय कृष्ण विश्वेश जिला जज, रामसेवक गौतम पुलिस उपायुक्त काशी जोन, श्रीमती आरती सिंह पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, विक्रांत वीर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन, समस्त अपर पुलिस उपायुक्त, समस्त सहायक पुलिस आयुक्त एवं विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी और काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे

## मेधावी छात्रों का सम्मान होने पर शिक्षकों ने मिठाई खिला कर दी बधाई



कन्नौज। तिर्वा कस्बे के मालती देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज के मेधावी छात्रों को समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने टेबलेट देकर सम्मानित किया। विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने दोनों छात्रों को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कस्बे के मालती देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले अंशुल कुमार व आशु राजपूत ने हाई स्कूल में अच्छा प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया था। शुक्रवार को कन्नौज में मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंचे समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने सभी मेधावी छात्र–छात्राओं को टेबलेट व 21 हजार रुपये की धनराशि देकर उन्हें सम्मानित किया। विद्यालय पहुंचने पर दोनों छात्रों का कालेज के प्रधानाचार्य अजय प्रताप सिंह व अन्य शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर कॉलेज के शिक्षक रोहित यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस पर विद्यालय और सचिवालय पर फहराया गया तिरंगा




वृहस्पतिवार को विकास खंड मछलीशहर की ग्राम पंचायत बामी में स्थित कम्पोजिट विद्यालय परिसर एवं पंचायत सचिवालय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।कम्पोजिट विद्यालय बामी में प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तत्पश्चात झण्डे को सलामी देकर बच्चों ने राष्ट्रगान और झण्डा गीत गाया। सहायक अध्यापक मुन्ना शर्मा ने बच्चों को गणतंत्र दिवस के बारे में बताया। बच्चों ने सर्वप्रथम सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, भाषण, देशभक्ति गीत, डांस ,दहेज कुप्रथा पर लघु नाटक का मंचन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभाग करने वाले बच्चों को विद्यालय परिवार की ओर से पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर प्रधान पति शैलेंद्र सिंह के अलावा सहायक अध्यापक ज्योति भूषण सिंह, सचिदानंद पाठक, प्रमोद कुमार, सतीश यादव, प्रेमलता सिंह, अमरनाथ यादव, शिवकुमार, जितेंद्र कुमार यादव, शिक्षा मित्र रेनू सिंह आंगनबाड़ी कार्यकत्री मीरा सिंह और सुमन सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के पश्चात बच्चों को जलपान कराया गया । कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में गांव के दूसरे छोर पर स्थित ग्राम सचिवालय पर ग्राम पंचायत बामी की वरिष्ठतम् सदस्य गीता उपाध्याय ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उपस्थित ग्रामीणों ने झण्डे को सलामी देकर राष्ट्रगान गाया तत्पश्चात भारत माता की जय और छब्बीस जनवरी जिन्दाबाद के नारे लगाए। कार्यक्रम के पश्चात लोगों को जलपान कराया गया। इस अवसर पर पंचायत भवन पर गांव के वरिष्ठ नागरिक और बच्चे उपस्थित रहे।

## रमाशंकर यादव इंटर कॉलेज में मनाया गया गणतंत्र दिवस



जौनपुर। राष्ट्र धर्म से बड़ा कोई धर्म नहीं है। सबसे पहले हम भारतवासी हैं । इसके बाद ही हम हिंदू, मुस्लिम, सिख या ईसाई हैं। रमाशंकर यादव इंटर कॉलेज, शाहपुर सानी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव ने उपरोक्त बातें कहीं। कार्यक्रम में उपस्थित मुंबई के वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे ने पूर्व प्रवक्ता रमाशंकर यादव द्वारा किए गए चुनौतीपूर्ण कार्य की सराहना करते हुए उन्हें शिक्षण महर्षि बताया। प्रधान राजेश सिंह ने कहा कि ग्रामीण अंचल में स्थित यह कॉलेज अपने प्रभावी शिक्षण के चलते लगातार प्रगति कर रहा है। इस अवसर पर बच्चों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उपस्थित गणमान्य लोगों में बीजेपी जिला महामंत्री अवधेश यादव, लल्लू सिंह,जितेंद्र यादव ,अच्छे लाल यादव आदि का समावेश रहा। अंत में कॉलेज के प्रबंधक रमाशंकर यादव ने समस्त लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बसंत पंचमी



संतकबीरनगर। नगर पंचायत धर्मसिंहवा में बृहस्पतिवार को मां काली मंदिर यज्ञ परिसर में बड़े हर्षोल्लास के साथ बसंत पंचमी मनाया गया।
हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यक्रम बड़ी श्रद्धा एवं गरिमा पूर्ण तरीके से मनाया गया सनातन धर्म प्रचार समिति के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा और मुख्य यजमान कृपाशंकर गिरी ने बताया कि श्री हनुमत ध्वज का पूजन कर पताका फहरा कर सभी देवी देवताओं का आवाहन करते हुए यज्ञ प्रारंभ किया जाता है इस वर्ष होने वाले श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ 20 फरवरी को और पूर्णाहुति 28 फरवरी को होगी। इस मौके पर डॉ सर्वेश्वर पांडेय, बृजेश चंद्र त्रिपाठी, पवन जायसवाल, पंडित परमहंस मिश्रा, मुकेश द्विवेदी, रामचन्द्र मध्देशिया, काली मंदिर के पुजारी छोटे लाल दास, अमितेश त्रिपाठी, सनातन धर्म प्रचार समिति के सदस्य समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय साहित्यिक कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह डॉ० राजेन्द्र साहिल लुधियाना पंजाब की अध्यक्षता में सम्पन्न

सांस्कृतिक एवं समाजिक संस्था (भारत) लखनऊ पंजीकृत के तत्वावधान में संस्थाध्यक्ष डॉ एस.पी. रावत के द्वारा आयोजित
दिनांक 26 जनवरी 2023 को 74 वें गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी के उपलक्ष में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जो कि डॉ० राजेन्द्र साहिल लुधियाना पंजाब, की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।
इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रथम सुश्री लक्ष्मी करियारे जांजगीर छत्तीसगढ़, मुख्य अतिथि द्वितीय इ० जय प्रकाश मुंशी राम शर्मा नागपुर महाराष्ट्र, एवं विशिष्ट अतिथि प्रथम डॉ० जसप्रीत कौर श्फलकश लुधियाना पंजाब, मुख्य अतिथि द्वितीय आशा शैली हल्द्वानी उत्तराखण्ड तथा अति विशिष्टअतिथि डॉ० अलका अरोडा देहरादून उत्तराखण्ड, व विशेष अतिथि प्रो० जयनाथ सिंह गया बिहार रहे। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन सुरेश कुमार राजवंशी लखनऊ ने किया। कवि सम्मेलन का शुभारम्भ शशि भार्गव श्प्रज्ञाश नागपुर महाराष्ट्र की वाणी वन्दना से हुआ।उपस्थित सभी विदुषी विद्वान कवियों कवयित्रीयों साहित्यकारों ने अपनी–अपनी प्रतिनिधि रचनाएं सुनाकर श्रोताओं और कवियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।
कार्यक्रम में उपस्थित साहित्यकार सर्व श्री डॉ राजेन्द्र साहिल जी लुधियाना पंजाब, इ० जयप्रकाश मुंशी राम शर्मा जी नागपुर, महाराष्ट्र, सुश्री लक्ष्मी करियारे जांजगीर छत्तीसगढ़ शशि भार्गव श्प्रज्ञाश नागपुर महाराष्ट्र, आशा शैली हल्द्वानी नैनीताल उत्तराखण्ड, सत्य पाल सिंह ष्सजगष नैनीताल उत्तराखण्ड,राम रतन यादव ष्रतनष जी खटीमा उत्तराखण्ड, डॉ सरस्वती प्रसाद रावत लखनऊ,लक्ष्मी बीना भट्ट बड़शिलिया उत्तराखण्ड, सूरज श्रीवास कोरबा छत्तीसगढ़, अलका गुप्ता लखनऊ, चंद्र भान वर्मा राजस्थान, रेनू वर्मा लखनऊ,इन्दु भार्गव जयपुर, राजस्थान,डॉ अलका अरोडा देहरादून उत्तराखण्ड,जी.एल. गांधी सीतापुर, रश्मि लहर जी लखनऊ, कृष्ण देव यादव झारखण्ड,डॉ सुधा मिश्रा लखनऊ,उमाशंकर यादव श्निशंकश उन्नाव, सुरेश कुमार राजवंशी लखनऊ, चौ० लाला राम फौजदार भरतपुर राजस्थान,राजर्वधन एटा, एल. पी.गुर्जर लखनवी, संजय सागर लखनऊ, इच्छा पोरवाल इटावा, नवीन चंद्र बैसवारी लखनऊ, कवि जयनाथ गया बिहार, जयवंती शोभा रंगू मारिशस, संतोष सिंह हंसौर बाराबंकी, प्रेम शंकर शास्त्री लखनऊ,राकेश दुलारा मुजफ्फरनगर, डॉ मेहंदी हसन खान फहमी लखनऊ, आभा मिश्रा राजस्थान,रीतु प्रज्ञा दरभंगा बिहार, उमेश त्रिगुणायत पीलीभीत, श्रवण सुगम अमेठी आदि।


विज्ञापन दर
समाचार पत्र का साइज 25x32
फुल पेज कलर प्रथम पेज 74 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज कलर अंतिम पेज 49 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W प्रथम पेज 35 हजार रूपये मात्र।
फुल पेज B/W अंतिम पेज 19 हजार रूपये मात्र।
4x6 प्रथम पृष्ठ 3000 और दूसरी पेज 2000 ब्लैक और कलर प्रथम पृष्ठ 5000 दुतीय पेज 3000
क्लासीफाइड विज्ञापन 250 रूपये मात्र।
क्लासीफाइड मंथली पांच हजार रूपये मात्र।
कोर्ट नोटिस प्रथम पार्टी 450 रूपये मात्र।
अधिक जानकारी के लिए कार्यालय मे सम्पर्क करे।
9918366626


## पूर्वांचल विकास परिवार ने किया मंगल कवि का सम्मान



मुंबई । कांदिवली पूर्व स्थित सुप्रसिद्ध गढ़वा घाट बाबा आश्रम में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में बिरहा के भीष्म पितामह कहे जाने वाले लोकगीत गायक , लेखक एवं कवि मंगल यादव का पूर्वांचल विकास परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.दृगेश श्रीपति यादव के नेतृत्व में भव्य नागरिक सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष बृजेश यादव, महासचिव सभाजीत यादव , डॉ.शैलेश बिलगू यादव, माणिकचंद यादव एवं अध्यात्म सेल के अध्यक्ष ईश्वर देव यादव , मुंबई सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष चंद्रजीत यादव , महाराष्ट्र सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार विश्वकर्मा , महासचिव इंद्रजीत यादव , स्टार प्रचारक अमरजीत यादव , राष्ट्रीय सचिव कृष्ण कुमार यादव , चर्चित गीतकार एवं मुंबई सचिव विमलेश यादव , शिवसेना नेता राम यादव, पूर्व आयकर आयुक्त जगपत यादव(बाबू जी) ,आल इंडिया यादव महासभा मुंबई महासचिव समाजसेवी शिक्षाविद् चंद्रवीर बंशीधर यादव, उद्योगपति रामउजागिर यादव , बिल्डर विजय यादव , जनार्दन यादव , दिनेश यादव , डॉ. अमर दिलीप यादव , शिक्षाविद् संजय राममूर्ति यादव , दयाशंकर यादव, ज्ञानचंद यादव, सियाराम यादव, अशोक कुमार यादव,आर .बी.यादव, गोविंद यादव, प्रो.दिनेश यादव, लोकप्रिय लोकगीत गायक प्रमोद लाल यादव , रॉबिन यादव , बिरहा सम्राट नंदू जौनपुरिया , परशुराम सेना, महाराष्ट्र के अध्यक्ष राजेश मिश्र, सुरेंद्र मिश्रा, परिवार के कार्याध्यक्ष बाबुलनाथ यादव , संतोष पगड़ीवाले , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष झुल्लूर यादव , मंजू गुप्ता , मंजू यादव , यादव समाज ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस .बी. यादव , श्री राधे कृष्ण सनातन धर्म संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी. एन .यादव , वासुदेव फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद यादव, शिक्षक सेना मुंबई उपाध्यक्ष मनीराम यादव, समाजसेवी आर .आर. यादव,कवि चंद्रशेखर यादव, श्यामलाल यादव,श्यामजीत यादव, लालमणि यादव, हनुमान सरोज अनेक लोग उपस्थित रहे।पूर्वांचल विकास परिवार के सुप्रीमो डॉ.दृगेश यादव ने मंगल कवि को पद्मश्री से सम्मानित करने की मांग करते हुए बिरहा गायन के क्षेत्र में मंगल कवि के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की।

## उत्तरप्रदेश स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में



ललितपुर उत्तरप्रदेश स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में
विविध स्टॉल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें शिक्षिका, कवयित्री नेहा जैन के निर्देशन में मतदाता जागरूकता और नशा मुक्ति पर आधारित बाल नाटक का आयोजन हुआ।
मतदाता जागरूकता पर आधारित नाटक में बताया गया कि हम अपने वोट की अहमियत नहीं समझते और प्रलोभन में गलत उम्मीदवार को चुन लेते है। उक्त नाटक को अपर जिलाधिकारी श्री गुलशन कुमार उपजिलाधिकारी सदर मो आवेश द्वारा सराहा गया। बच्चों ने शानदार अभिनय द्वारा नशा मुक्ति का संदेश दिया।
शिक्षिका, कवयित्री नेहा जैन अजीज ने महिला सशक्तिकरण पर ओजस्वी भाषण दिया एवं ष्लड़की हूँ मै ष्गीत प्रस्तुत् किया।
इसके उपरांत स्पोर्ट्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रशस्ती पत्र दिए गये
इस दौरान डीसी एनआरएलएम नीरज कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री राम प्रवेश, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह, प्रोबशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, सहायक निदेशक सूचना सुरजीत सिंह, कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।
अमर उजाला के बिजनेस पार्टनर अजय जैन भी मौजूद थे।

## पुलिस कंट्रोल रूम दस्ते द्वारा उच्च कोटि प्रदर्शन के लिए पुलिस अधीक्षक उन्नाव ने टोली कमांडर सब इंस्पेक्टर अनूप कुमार मिश्रा को प्रशस्ति पत्र देकर हौसला बढ़ाया

उन्नाव । 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद – उन्नाव के पुलिस लाइन प्रांगण में आयोजित रैतिक परेड में पुलिस कंट्रोल रूम दस्ते के टोली कमांडर के रूप में प्रतिभाग कर कुशल नेतृत्व करते हुए उच्च कोटि का प्रदर्शन करने के लिये उप निरीक्षक ( सब इंस्पेक्टर ) अनूप कुमार मिश्रा को श्रीमान पुलिस अधीक्षक – उन्नाव श्री सिद्धार्थ शंकर मीणा जी ( आई.पी.एस.) द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करके उनके उच्च कोटि के प्रदर्शन की प्रशंसा और सराहना की गई । पुलिस कंट्रोल रूम दस्ते में अन्य सहयोगी सदस्य के रूप में उप निरीक्षक अमित कुमार सिंह भी शामिल रहे । उत्तर प्रदेश पुलिस की आन बान शान का परचम लहराने के साथ साथ जनपद उन्नाव में बेहतर कानून – शांति व्यवस्था बनाए रखने और उच्च अधिकारी गणों द्वारा समय समय पर दिए जाने वाले आदेश निर्देश का शत प्रतिशत अनुपालन एवम त्वरित करवाई जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को बेहतर संचार व्यवस्था के माध्यम से करवाने के लिए सतर्कता और सजगता के साथ 24 घंटे कार्यरत्त जनपद नियंत्रण कक्ष , उन्नाव के पुलिस कन्ट्रोल रूम दस्ते का मान सम्मान बढ़ाने में टोली कमांडर अनूप कुमार मिश्रा द्वारा अथक योगदान प्रदान किया । टोली कमांडर के रूप में सब इंस्पेक्टर अनूप कुमार मिश्रा और सहयोगी सदस्य के रूप में अमित कुमार सिंह को श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव श्री सिद्धार्थ शंकर मीणा द्वारा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करके उनके उच्च कोटि के प्रदर्शन की प्रशंसा और सराहना की गई । उल्लेखनीय है कि सब इंस्पेक्टर अनूप कुमार मिश्रा को सराहनीय सेवा कार्यों और अन्य सामाजिक सारोकार हेतु समय समय पर उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के उच्च अधिकारी गणों और कई सामाजिक संस्थाओं द्वारा समानित किया गया है । वर्ष 2019 में अनूप कुमार मिश्रा को सराहनीय शैक्षिक सामाजिक सरोकार के लिए श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा रजत प्रशंसा चिन्ह दिया गया , इस सम्मान को पी. ए .सी. मुख्यालय , लखनऊ के स्वतन्त्रता दिवस समारोह में 15 अगस्त 2019 को तत्कालीन अपर पुलिस महानिदेशक पी .ए .सी. श्री विनोद कुमार सिंह ( आई. पी. एस .) द्वारा सब इंस्पेक्टर अनूप कुमार मिश्रा को रजत प्रशंसा चिन्ह और सम्मान पत्र भेंट करके सम्मानित किया गया था ।



## बोरीवली में डॉ किशोर सिंह ने किया ध्वजारोहण



,मुंबई। बोरीवली पूर्व स्थित कार्टर रोड नंबर 2, श्याम भुवन चाल के पास ,मुंबई कांग्रेस के पूर्व सचिव एवं समरस फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ किशोर सिंह के नेतृत्व में ध्वज वंदन का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के आयोजक ब्लॉक क्रमांक 13 के पूर्व अध्यक्ष बाबू कालर, सह आयोजक प्रफुल्ल वाघेला रहे। इस अवसर पर बच्चों को नोटबुक चॉकलेट, तिलगुण वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित रहने वाले प्रमुख लोगों में अप्पू भाई मकवाना, मुकुंद शर्मा, चरण सिंह यादव, पूरव गांधी, पवन शर्मा, सिद्धार्थ पटेल, हरीश जोशी, गुड्डू बाबा, भगवती कुर्मी, प्रेम कुमार नाई ,कल्पेश देसाई आदि का समावेश रहा।

## देश के पहले फ्री स्टाइल कुश्ती के विश्व चौंपियन कमलाशंकर पांडे का निधन



,मुंबई। देश के सर्वप्रथम फ्रीस्टाइल कुश्ती के विश्व चौम्पियन कमलाशंकर पांडेय का 26 जनवरी की सुबह हार्ट अटैक से दुःखद निधन हो गया। भूतपूर्व पहलवान कमलाशंकर पांडेय का जन्म 9 जुलाई 1951 में उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले ग्राम छिवलहा में हुआ था। वे 72 वर्ष के थे। और अपने मुम्बई स्थित निवास में परिवार के साथ रहते थे। उनके दुःखद निधन से भारतीय कुश्ती की एक बड़ी क्षति हुई है। वे भले ही प्रोफेशनल कुश्ती से दूर हो गए थे किंतु अपने गाँव तथा मुम्बई में भी युवा पहलवानों को प्रोत्साहन दिया करते थे।

## बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 74 वा गणतंत्र दिवस

अम्बेडकरनगर भीटी ब्लाक अन्तर्गत प्रथामिक विद्यालय रैमलपुर में बड़े ही धूम धाम से मनाया गया 74वा गणतंत्र दिवस, गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम सभा रैमलपुर की ग्राम प्रधान कल्पना वर्मा भी विद्यालय में मौजूद रही ग्राम प्रधान और विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रतिमा सिंह, स अ नीलम सिंह और विद्यालय के रसोईया ,और ग्राम सभा के गणमान्य व्यकितयों के उपास्थिति में विद्यालय में झंडा रोहण राष्ट्रगान और सरस्वती पूजन का कार्यक्रम हुआ और विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों ने देश भक्ति गीत सुनाई और देश भक्ति गाने पर नृत्य किया और उसके बाद प्रधानाचार्या और ग्राम प्रधान ने विद्यालय के बच्चों को पुरस्कृत किया।





## पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी ने समाधान दिवस पर धूमनगंज थाने में सुनी जनता की समस्यायें

पुलिस आयुक्त श्री रमित शर्मा एवं जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने समाधान दिवस के अवसर पर थाना धूमनगंज पहुंचकर जनता की समस्याओं को सुना तथा समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 08 शिकायतें आई, जिसमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित किया गया। सम्पूर्ण थाना दिवस पर मो0 तारिक द्वारा बैनामा कब्जाशुदा प्लाट को फर्जी काश्तकार बनाकर कूटरचित तरीके से प्लाट में कब्जा करने की शिकायत की गयी, जिसपर जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर एवं प्रभारी निरीक्षक धूमनगंज को प्रकरण की जांचकर निस्तारण के निर्देश दिये है। इसी क्रम में सतीकला द्वारा शिकायती पत्र में विपक्षीगणों द्वारा उनकी जमीन पर अवैध तरीके से जबरन कब्जा करने की शिकायत के सम्बंध में जिलाधिकारी ने मौके पर जाकर जांचकर निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये है। अनीता देवी द्वारा शिकायती पत्र में अपने जेठ पर गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी पर पुलिस आयुक्त द्वारा प्रभारी निरीक्षक को मौके पर जाकर संवैधानिक निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये है। पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि समाधान दिवस में जो भी आवेदन आये है, उसका गुणवत्तापूर्वक निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। कार्यों में लापरवाही या उदासीनता कत्तई क्षम्य नहीं होगा। इस अवसर पर डीसीपी नगर श्री संतोष मीना, राजस्व विभाग सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सैनिक संगठ्न से जुड़े भूतपूर्व फौजी भाईयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

प्रयागराज–भूतपूर्व फौजीयों ने सैनिक संगठन के बैनर तले नीबीं झूंसी से तिरंगा यात्रा निकाली।अध्यक्ष शिव बाबू यादव सैनिक के नेतृत्व में निकली बाईक रैली में बड़ी संख्या में फौजी हॉथों में तिरंगा लहराते और जय घोष करते जिधर से भी गुजरे हर कोई देश भक्ति की भावना से सैनिकों के सम्मान जयघोष करता रहा।तिरंगा यात्रा नींबी झूंसी नागेश्वर मन्दिर एच आर आनन्द फौजी एकेडमी मिलन चौराहा ,नैका महीन ,लाल चौक ,पुलिस चौकी ,चक लीलापूर रोड चौराहा ,नारायणदास का पूरा ,चमनगंज ,बंधवा ताहिरपूर कनिहार रोड ,कुसूमीपूर चौराहा ,रिठैयां बाजार ,कोटवां , जमुनीपुर ,छिबैयां आदि स्थानों पर झण्डारोहण करते हुए सुधीर द्विवेदी नीबीं पर पहुंच कर सम्पन्न हुई।जगहा जगहा पर यात्रा का लोगों ने स्वागत करते हुए मिष्ठान व स्वल्पाहार भेंट किया।सैनिकों के साथ एनसीसी कैडेटों ने बैंड बाजा के साथ यात्रा के प्रारंभ में परेड कर तिरंगे झण्डे को सलामी दी। तिरंगा यात्रा में सैनिक संगठन तिरंगा यात्रा अध्यक्ष शिव बाबू यादव फौजी संतोष यादव आनंद निषाद नागेंद्र यादव मनोज कुमार शीतला प्रसाद गुलाब सिंह लल्लन आर्मी अनिल कुमार सुधीर द्विवेदी सर्वजीत सिंह अजय यादव अनिल यादव राधिका लाल राकेश यादव गुलाब सिंह यादव बब्बू यादव श्याम करण यादव सुधा शंकर मिश्रा संजय पटेल अशोक मोरिया मोरिया राज नारायण यादव राजेश यादव लाल प्रताप रविन्द्र यादव आदि शामिल रहे।

## लाला लाजपत राय की जयंती पर सेमिनार का आयोजन टंडन गेस्ट हाउस में किया गया

जिसमे राष्ट्रीय दिब्यांग मोर्चा ब कांशीराम आवास योजना के अध्यक्ष लवलेश सिंह ने अपने उद्बोधन में लाला लाजपत राय की के जीवन पर प्रकाश डाला और भारत सरकार से लाला लाजपत राय के सम्मान के लिए भारत रत्न की मांग की। सच्चे अर्थों में आजादी की नीव रखने वाले लाला लाजपत राय ही थे । लाला लाजपत राय का जन्म 28जनवरी 1865 को पंजाब प्रांत के मोंगा जिले के ढुदीके गांव में हुआ था। इनकी मृत्यु 17 नवंबर 1928 को साइमन कमीशन के विरोध में बिर्टिश हुकूमत के अंग्रेजो द्वारा लाठियों से पीटने के कारण हो गई। लाला लाजपत राय का पूरा जीवन आजादी के लड़ाई के लिए बीता। आजादी की के लिए भारत ही नहीं विश्व में भी माहौल बनाने का काम लाजपत जी ने किया। सेमिनार में कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र, लोकसेवक मंडल के अध्यक्ष राजकुमार चोपड़ा, सागर कोचिंग के डायरेक्टर ओम प्रकाश शुक्ल, समाज सेवी श्री नारायण यादव, घनस्याम मास्टर, अनंत कुमार चौधरी, प्रिंस, अनुराधा, शिखर, डॉक्टर यशवंत पाल , काजल, रेखा, आदि लोगो ने विचार रखे।

## पूर्व सैनिकों ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस, 200 प्रतिभाएं हुईं सम्मानित,

वीर सेनानी पूर्व सैनिक कल्याण समिति प्रयागराज के तत्वावधान में पूर्व सैनिकों ने धूमधाम से गणतंत्र दिवस तपोवन पार्क न्यू कैंट प्रयागराज में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में ध्वजारोहण राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तत्पश्चात सभी आगंतुकों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर जरूरतमंद को निशुल्क दवाएं भी वितरित किया गया जिसमें शामिल अस्पतालों में जीवन ज्योति हॉस्पिटल, डी आर एस हॉस्पिटल, विनीता हॉस्पिटल एवं नारायण स्वरूप हॉस्पिटल जिनके योग्य चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ ने सभी को अपनी सेवाओं से खुश किया तत्पश्चात बच्चों व महिलाओं तथा कवियों ने मंच से सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुत कर धूम मचाया लोगों को हंसाया व भरपूर मनोरंजन किया ,शुरुआत डॉक्टर रश्मि शुक्ला ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत की प्रस्तुति किया कुमारी सोनम व कुमारी टिंकल ने देश रंगीला रंगीला .... प्रस्तुत किया ,कुमारी मानसी ने यह देश है वीर जवानों का,.... गीत प्रस्तुत कर लोगों से ढेर सारी तालियां बटोरी मास्टर शुभांकुर कुमारी अंशु, कुमारी अंचल रुईया ,कुमारी समीक्षा आदि बच्चो ने बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति किया और वातावरण खुशनुमा बनाते हुए देश भक्ति के रंग में सभी को रंग दिया इसी तरह संजय मजूमदार ,प्रदीप राव ,अक्षित मिश्रा, ने भी अपनी कविताएं पढ़ीं और लोगों से वाहवाही लूटी,

कार्यक्रम में ध्वजारोहण कारगिल युद्ध विजेता ईश्वर चंद तिवारी ,श्याम सुंदर सिंह पटेल ने सभी की उपस्थिति में किया राष्ट्रगान गाया भारत माता की जय बोला, सभा कार्यक्रम की अध्यक्षता ईश्वर चंद तिवारी संचालन श्याम सुंदर सिंह पटेल ने किया मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डी पी एन सिंह व सांसद केसरी देवी पटेल अस्वस्थता के कारण आपने वर्चुअल शुभकामनाएं दिया व कहा की हमारे देश के सैनिकों, पूर्व सैनिकों का बहुत बड़ा योगदान है जिनकी वजह से हम चौन की नीद लेते हैं आप सब संगठित होकर बहुत ही सराहनीय कार्य करते हैं सेवानिवृत्त होने के बाद भी देश और समाज के लिए सदैव कार्य करते रहते हैं जिसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं अध्यक्षता कर रहे ईश्वर तिवारी ने कहा कि संगठित होकर ऐसे राष्ट्रीय आयोजन करने से ऊर्जा ,उत्साह मिलता है तथा सभी समस्याओं का समाधान होता है इसलिए सभी पूर्व सैनिक संगठित होकर देश और समाज के लिए कार्य करें ,कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रमुख लोगों में श्याम सुंदर सिंह पटेल, ईश्वर चंद तिवारी ,मोहम्मद शाहिद उस्मानी, यश एन मिश्रा, बच्चा लाल प्रजापति ,जी यादव, भूपेश कुमार गुप्ता, रामनिवास प्रसाद ,सी एल सिंह , पीके पीके मिश्रा मुकेश मिश्रा , पी एस पी शर्मा, श्री राम शिवहरे,लल्लन मिश्रा, सुरेश चंद्र, एस पी सिंह ,आर एन सिंह, प्रमोद कुमार ,पीके गुप्ता ,राधा देवी, बिंदुप्रकाश कुशवाहा ,राम किशोरी देवी , चित्रा सिंह,रनुआ देवी, पुष्पा देवी, राकेश पाल , मंसूर हसन आदि सैकड़ों लोग शामिल रहे अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापन श्याम सुंदर सिंह पटेल ने किया व जलपान ,चाय, नाश्ता मिठाई के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## दिनांक २६–å१–२å२३ को बिशप जॉनसन स्कूल एंड क०लेज कटरा एक्सटेंशन के प्रांगण में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ ७४ वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया।



कार्यक्रम का प्रारंभ बाइबल पठान तथा प्रार्थना के साथ किया गया तदुपरांत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती पी० सिंह जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जिसमें सभी छात्र छात्राओं तथा अध्यापकों द्वारा बड़े सम्मान के साथ राष्ट्रगान गाया गया। तदुपरांत छात्र छात्राओं ने देशभक्ति के गीतों तथा कविताओं के माध्यम से समारोह में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन में प्रधानाध्यापिका जी द्वारा भाषण दिया गया। इस प्रकार विद्यालय में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस का समारोह मनाया गया।

## राहुल इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस




देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान राहुल एजुकेशन द्वारा संचालित राहुल इंटरनेशनल स्कूल ,मीरा रोड में धूमधाम से 74 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया । इस अवसर पर बच्चों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम, राष्ट्रभक्ति गीत तथा भाषण प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि के रुप में उपस्थित राहुल एजुकेशन के चेयरमैन तथा प्रख्यात समाजसेवी पंडित लल्लन तिवारी ने विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता की रक्षा करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। हम किसी भी जाति या धर्म के हो ,परंतु सबसे पहले हम भारतवासी हैं। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के वकील एडवोकेट राजकुमार मिश्रा, पंडित उमाशंकर तिवारी ,बृजेश तिवारी, उपेंद्र सिंह, बृजमोहन दुबे,, लल्लू तिवारी समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अधेड़ की लाश मिलने से हड़कंप



प्रयागराज ,थरवई थाना क्षेत्र घुरवा गाँव मे एक अधेड़ ब्यक्ति की लाश मिलने से हड़कम्प मच गया सूचना मिलने पर थरवई पुलिस व पुलिस अधीक्षक गंगानगर मोके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की मृतक की पहचान साधुराम यादव पुत्र बृजलाल यादव हेतापट्टी के रूप में हुई मृतक के शरीर पर धार दार हथियार से चोट के निशान मिले हैं सूत्रों के अनुसार साधुराम के पास जमीन थी जिसका कुछ भाग उन्होंने बेच दिया था पैसो का लेनदेन का मामले कि बात चर्चा में है साधुराम परिवार में अकेले थे ।

## ज्वाला देवी गंगापुरी में धूमधाम पूर्वक मनाया गया प्रो0 राजेन्द्र सिंह 'रज्जू भैया' का जन्म दिवस कार्यक्रम''

आज दिनांक 28जनवरी 2023को ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज गंगापुरी, रसूलाबाद, प्रयागराज के रज्जू भैया सभागार में प्रो0 राजेन्द्र सिंह 'रज्जू भैया' के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र जी ने रज्जू भैया की प्रतिमा पर दीपार्चन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान युगल किशोर मिश्र जी ने बताया कि राष्ट्रीय स्ध्वयंसेवक संघ के तृतीय सरसंघचालक बालासाहब देवरस ने 11 मार्च 1994 को प्रो राजेंद्र प्रसाद सिंह श्रज्ध्जू भैयाश को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया। आरएसएस के इतिहास की यह पहली घटना थी कि किसी सरसंघचालक के जीवित रहते उनके उत्तराधिकारी की घोषणा की गई। बालासाहब देवरस का अस्ध्वस्ध्थ हो गए थे। प्रो राजेंद्र प्रसाद सिंह को सभी लोग रज्ध्जू भैया के नाम से पुकारते थे। संघ परिवार के कार्यकर्ताओं के बीच ही नहीं, बल्कि देश भर के लोगों के बीच रज्जू भैया काफी लोकप्रिय थे। राजेंद्र प्रसाद सिंह ऐसे पहले सरसंघचालक हैं, जिन्होंने विदेश में जाकर वहां के हिंदू स्वयंसेवक संघ के कार्य का निरीक्षण किया। उनका प्रवस इंग्लैंड, मॉरिशस, केनिया, दक्षिण अफ्रीका आदि देशों में कई बार हुआ।

विद्यालय के आचार्य विजय सिंह ने उनकी यादों को हमारे साथ कुछ इस तरह से साझा किया। रज्जू भैया का जन्म 1922 में हुआ था। उनके पिता कुंवर बलवीर सिंह उत्तर प्रदेश सरकार के सिंचाई विभाग में अभियंता थे। वे बाद में मुख्य अभियंता के पद से सेवानिवृत हुए। रज्जू भैया की प्राथमिक पढ़ाई नैनीताल में हुई थी। मैट्रिक की परीक्षा उन्नाव जनपद से प्रथम श्रेणी से उन्होंने उतीर्ण की। बाद की शिक्षा प्रयाग विश्वविद्यालय में हुई। 21 वर्ष की आयु में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से भौतिक शास्त्र में डै.ब. किया। पूरे विश्वविद्यालय में इनका दूसरा क्रमांक था। इसके बाद वे इसी विश्वविद्यालय में अध्यापक के रूप में नियुक्त किए गए। सन 1996 में रज्जू भैया ने स्वेच्छा से भौतिक शास्त्र विभागाध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया और वे संघ के प्रचारक बन गये। सन 1978 में वह संघ के सरकार्यवाह बने। 1987 तक वे इस पद पर कार्य करते रहे। स्वास्थ्य कारणों से उन्होंने 1987 में वह पद छोड़ा और नूतन सरकार्यवाह हो वे शेषाद्री के सहयोगी के रूप में सह सरकार्यवाह के नाते कार्य करते रहे। 11 मार्च 1994 को अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में तत्कालीन सरसंघचालक बालासाहेब देवरस ने राजेंद्र प्रसाद सिंह को चतुर्थ सरसंघचालक का दायित्व सौंप दिया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य जनार्दन प्रसाद दूबे ने किया। आभार ज्ञापन विद्यालय के आचार्य राधेश्याम तिवारी जी ने किया। इस अवसर पर राजेन्द्र मोहन, शिवप्रसाद, जटाशंकर, संजय उपाध्याय, राधेश्याम,राजेश तिवारी एवं सभी अध्यापक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ।

## देश को विकासशील से विकसित बनाने हेतु विचार मंथन - जिला युवा संसद में 4 जनपदों के युवाओं ने रखे अपने विचार

4 जनपदों चित्रकूट, भदोही, प्रतापगढ़ तथा प्रयागराज के युवा संसद हेतु नोडल जिला प्रयागराज में नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज की ओर से जिला युवा संसद कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम जूम के माध्यम से आयोजित कराई गई। जिसमे प्रयागराज के जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय को नोडल प्रभारी बनाया गया। उनके निर्देशन में 3 अलग–अलग विषयों – कौशल विकास, सोशल मीडिया, स्वास्थ्य – युवाओं का एक एजेंडा जैसे विषयों पर बोलते हुए प्रतिभागियों ने अपने–अपने विचार रखे। प्रत्येक जिले के 2–2 विजेता फरवरी 2023 में आयोजित राज्य स्तरीय संसद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे तथा राज्य स्तर के विजेता भारत के संसद भवन दिल्ली में प्रतिभाग करेंगे।

चारों जिलों से विजेता चयनित करने हेतु गठित निर्णायक मंडल सदस्य में कमलेश नारायण दुबे, सेवानिवृत्त उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र, डा ० एन बी सिंह, प्रोफेसर, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, बृजेश प्रजापति , संपादक, यूथ कॉर्नर पत्रिका, श्री सौमिक , प्रोफेसर, फाइन आर्ट, इलाहाबाद यूनिवर्सिटी, रविन्द्र सिंह, डायरेक्टर, न्यूरा सियूटिकल लिमिटेड मौजूद रहे। उन्होंने अंक प्रदान करते हुए मेरिट के आधार पर निर्णय दिया। वर्चुअल संसद के जिलेवार विजेता, प्रयागराज के प्रथम निर्मल कांत पांडे और. द्वितीय स्थान पर सत्यम शुक्ला रहे। चित्रकूट से प्रथम भानुजा मिश्रा और द्वितीय दामिनी मिश्रा, प्रतापगढ़ से प्रथम अपूर्वा सिंह और द्वितीय अक्षिता केसरवानी और भदोही से प्रथम गरिमा शुक्ला और द्वितीय रोजी बानो पर रहे। इस कार्यक्रम में प्रयागराज के प्रतिभागी अभिनव पाण्डेय ने कहा कि युवाओं की ऊर्जा से भरे इस देश में सरकार को विभिन्न स्कीमों को कॉलेज , स्कूल स्तर पर कौशल विकास हेतु विभिन्न जागरूकता एवं प्रशिक्षणों हेतु बजट बढ़ाया जाना चाहिए तथा युवाओं को इस से भरपूर लाभ लेते हुए देश को आगे बढ़ाने में भूमिका निभानी चाहिए। वहीं सोशल मीडिया पर युवा संसद में बोलते हुए कोराओं के प्रशांत ने कहा कि सोशल मीडिया के अत्यधिक नकारात्मक इस्तेमाल हेतु सरकार को नीतिगत ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। युवाओं को सोशल मीडिया प्लेटफार्म को अपने कौशल को दिखाने के लिए किया जाना चाहिएं। चित्रकूट से भानुजा मिश्रा का कहना है कि देश को ऐसी कार्ययोजनाओं की की अवश्यकता है जिससे धरातलीय रूप से युवाओं के क्षमताओं का संवर्धन किया जा सके। भदोही जिले की गरिमा मौर्या के अनुसार देश के युवाओं को अपने कौशल में निरंतर विकास करते रहने की अवश्यकता है जिससे भारत उभरती अर्थव्यवस्था की चुनौतियों का सामना मजबूती से कर सके। ग्रामीण युवाओं पर विशेष केन्द्रण की आवश्यकता है।

## थाना समाधान दिवस मेजा प्रभारी निरीक्षक मेजा व नायब तहसीलदार मेजा की अध्यक्षता में सम्पन्न

मेजा।प्रयागराज।आज दिनांक 28 जनवरी दिन शनिवार को थाना दिवस मेजा में प्रभारी निरीक्षक थाना मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र व नायब तहसीलदार मेजा राजेन्द्र सिंह द्वारा आये हुये शिकायतकर्ताओं की शिकायत को सुनकर सम्बन्धित को आवश्यक कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश दिये गये।इस अवसर पर उप निरीक्षक थाना मेजा इंद्र जीत यादव आर0आई राज बहादुर यादव लेखपाल कमला प्रसाद पाण्डेय व अन्य उपनिरीक्षक व पुलिस कर्मी व राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।अरुण मित्र समाचार पत्र व दैनिक आशा प्रहरी से अरुण कुमार द्विवेदी व प्रवीण कुमार द्विवेदी एडवोकेट।

## जन सूचना अधिकार के तहत मांगी गयी सूचना को निर्धारित समयसीमा में आवेदनकर्ता को अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें–मा0 राज्य सूचना आयुक्त

मा0 राज्य सूचना आयुक्त श्री नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शनिवार को संगम सभागार में विभागों के जन सूचना अधिकारियों/प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मा0 राज्य सूचना आयुक्त ने सभी जन सूचना अधिकारियों को जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत मांगी जाने वाली सूचनाओं को निर्धारित समयसीमा (30 दिन) के अंदर आवेदनकर्ता को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत आवेदनकर्ता को मांगी गयी सूचना उपलब्ध करा दिए जाने से आवेदनकर्ता को जहां एक ओर समय से सूचना उपलब्ध हो जाती है, वहीं दूसरी तरफ राज्य सूचना आयोग में होने वाली पेंडेंसी में भी कमी आती है। उन्होंने सभी जन सूचना अधिकारियों को प्रारूप–3 के तहत रजिस्टर बनाकर उसको नियमित रूप से अद्यतन बनाये रखने के लिए भी कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सूचना आयोग में प्रकरण की सुनवाई के समय यदि कतिपय कारण से जन सूचना अधिकारीध्प्रथम अपीलीय अधिकारी स्वयं उपस्थित नहीं हो पाते है, तो किसी सक्षम अधिकारी को ही राज्य सूचना आयोग में भेजे, साथ ही साथ जिस अधिकारी या कर्मचारी को भेजे, उसको अधिकार पत्र अनिवार्य रूप से दे दें। उन्होंने सभी जन सूचना अधिकारियों तथा प्रथम अपीलीय अधिकारियों को पूरी तत्परता के साथ कार्यवाही करते हुए आवेदनकर्ता को समय से सूचना उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। बैठक के अंत में जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री ने मा0 राज्य सूचना आयुक्त को आश्वस्त करते हुए कहा कि जो भी निर्देश दिए गए है, उसका शत–प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने सभी जन सूचना अधिकारियोंध्प्रथम अपीलीय अधिकारियों को मा0 राज्य सूचना आयुक्त के निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित समय के अंदर नियमानुसार आवेदनकर्ता को वांछित सूचना उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री हर्षदेव पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री जगदम्बा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर श्री मदन कुमार, अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

### हम मनुष्य एक खुशी के लिए भाग रहे हैं या मुस्कान के लिए या हंसी के लिए या संतुष्टि के लिए किसी को कुछ पता नहीं है, बस भाग रहे हैं

हम मनुष्य धन के लिए भाग रहे हैं या भौतिक संसाधन के लिए या ज्ञान के लिए या सम्मान के लिए या शक्ति के लिए । किसी को कुछ पता नहीं है, बस भाग रहे हैं ।

हम मनुष्य विकास के लिए भाग रहे हैं या खुद के लिए या अपनी संतान के लिए या पूर्वजों की शान के लिए या देश के लिए या समाज के लिए । किसी को कुछ पता नहीं है, बस भाग रहे हैं ।

ये झूठी दौड़े हैं । कुछ समय ऐसा हो सकता है जब व्यक्ति अपनी समस्या में हो। सार्वजनिक दृष्टिकोण से ये समस्या गंभीर नहीं है।ये भी काल्पनिक ही है । शायद । सोच की इस निरन्तरता को बाधित किया जाना गम्भीरता से परे जाना तो नहीं था।

ठीक उसी समय तीन लड़कियां सामने आ जाती हैं। यह लगभग 16 से 22 साल की रही होंगी । बिल्कुल युवती ।मेरा ध्यान भंग होता है । उनकी हंसी सुनकर । जो शांत वातावरण को शोर युक्त बना रहा था। या कहे प्रकृति को झंनकारित कर रहा था। ये लड़कियां भीख मांग रही हैं । महत्वपूर्ण इनका कर्म नहीं है, जिसने मेरा ध्यान खींचा । महत्वपूर्ण थी उनकी प्रसन्नता । यह अपने आप में बहुत ही तेज हंस रही थी ।

ऐसा लग रहा था ये उच्च प्रतिष्ठित निराशा में डूबे व्यक्ति को तमाचा मार रही हो, खुद की अमीरी का ।

वह लड़कियां तथाकथित खूबसूरत की परिभाषा से बाहर हो सकती है। उनके पास संस्कार भी नहीं हैं । धन और का और वस्त्र का अभाव भी रहा होगा । पर हंसी । एक लंबी दूरी। जब तक नजरो से दूर ना हुयी वो हंस रही थी। मैंने देखा कुछ बस्तियों को ट्रेन के सफर के दौरान । वह लोग कुछ मिलाकर 30– 40 रहे होंगे । उनमें हर उम्र वर्ग के लोग शामिल थे । उनके पास रहने के नाम पर ३–४ फुट के शामियाना थे । जिसमें वह बैठ सकते थे । खड़े होने के लिए उन्हें वह बाहर आना ही पड़ता था । वह कुछ मवेशी के नाम पर बकरियाँ रखते थे । उनके बुजुर्ग बाहर चारपाई पर बैठकर हुक्का आदी सेवन कर रहे थे ।उनके चेहरे की रेखाओं से वह अनुभवी दिखाई देते थे । थकान उनके परिपक्व चेहरे पर भरपूर थी । वह मुस्कुराते थे तो उनकी झुर्रीयाँ खुलकर सामने आती थी ।और उनकी मुस्कान को ओर भी हाईलाइट कर देती थी ।यह वह लोग हैं जिनके पास कई अभाव है लेकिन यह लोग हंसते हैं, और मुस्कुराते भी हैं ।

इसलिए ईश्वर ने संपूर्ण मनुष्य को हंसने का गुण दिया है । ऐसा लगता है लोग हंसकर ईश्वर के इस गुण को सम्मान दे रहे है। यह मेरा व्यक्तिगत मत हो सकता है, जो भावना प्रधान है । सत्य इससे परे है । लेकिन सच तो यह है कि मुस्कान मन से संचालित है । अन्यथा नहीं। अब मन की बात करना ही बेहतर होगा । श्री कृष्ण ने गीता में बार–बार मन पर नियंत्रण रखने की बात कही है । लेकिन मन का नियंत्रण बहुत गंभीर विषय है । यह मात्र हंसी से संबंधित नहीं है ।

जो यह लोग हंस रहे हैं, यह जो लोग हंसते हैं, यह जो लोग दुख को ऊपर से महसूस करते हैं । भावनाओं से कम भीगे होते हैं । वास्तविकता यह है कि इनकी पहुंच अभी तक मन तक गई ही नहीं है । ये बाह्य वातावरण को ही जी रहे हैं । यह खुद में नहीं उतरे । मन तक पहुंचे नहीं । फिर मन के नियंत्रण का तो प्रश्न ही नहीं है ।


इसलिए मन का शासन तब शुरू होता है जब आप अपने अंदर उतरते हैं । अब इस शासक को नियंत्रण में लाना ही आपको भी जिंदगी के पथ में विकास की ओर ले जाता है । जिसे श्रीकृष्ण ने गीता में समझाया हैं। किंतु मन के अंदर उतरना तभी संभव है जब आपने भूतकाल में ऐसा करने का प्रयास किया था । तभी मन जागृत होता है शासन करने हेतु वर्तमान में । वर्तमान में इसलिए ही आप भावनाओं से भरे होते हैं । बस यही वह चरण है जब आपको विजय प्राप्ति के लिए जमीन मिल चुकी है । अब श्रेष्ठ को अनुसरण करने का समय आ गया है ।

वो लोग खुश हैं या हंस रहे हैं श्रेष्ठता यह नहीं है । क्यों कि आप भावनाओं से अभी दूर हैं । इसलिए इन आकर्षण से दूर मन की गंभीरता को प्राप्त करना ही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए । यह गंभीरता जिस समय आपको दुख के स्थान पर उत्साह और उल्लास दे तभी आप सही दिशा में है ।

मनुष्य स्वभाव से श्रेष्ठ है या कहे यही उसकी मूल प्रवृत्ति है । किन्तु जब भी वे इस मूल प्रवृत्ति की तरफ जाता है, तब उसे बहुत सी बाधाओं का सामना करना होता है । और जब भी वह मूल प्रवृत्ति के विपरीत जाता है तो उसे वह आकर्षित करती है । ऐसा प्रतीत होता है जैसे चुंबक की अवधारणा पर कार्य किया जा रहा है ।

समान गुणधर्म से दूरी और असमान से आकर्षण । यह बहुत ही प्राकृतिक है । अब प्रकृति से परे जाना आसान तो नहीं होगा । इसलिए श्रेष्ठता को प्राप्त करने के लिए हमें प्रकृति से परे जाना होगा ।

# हर इंसान का चाहिये समाज और देश



में अपना योगदन दे मानव जीवन बहुत बहुत ही मुश्किल से मिलता है यह कहाँ जाता हैं इसके पीछे यही भावना रहती हैं कि हम कुछ अच्छा करे ताकि देश को, समाज को अपना कुछ योगदान दे हर इंसान का जन्म कुछ कार्य के लिए कुछ विशेष रूप से ईश्वर द्वारा रचित है जिसे इस धरती पर अपना कार्य संपादित कर अपना दायित्व निभाना है

किंतु देखा गया है कि आज अधिकांश लोग इस बात से अनजान है या जानते हुए भी कुछ करना नही चाहते है, सिर्फ खाने और अच्छा पहने को और धुमने को आज अधिकांश लोगों ने अपना जीवन समझ लिया है जैसे इसी लिए उनका जन्म हुआ है

मेरी बात बहुत बहुत कड़वी लग सकती हैं पर एक सच है जो लिख रहा हूँ जबकि इंसान जन्म कुछ कर देश समाज और धरती का कर्ज उतारने के लिए भी है यह बात एकदम सत्य है कि हम सब मे सब कुछ है जो हम कर सकते है पर ऐसे कार्य के लिए हमें बहुत कुछ त्याग करना पड़ता है तभी यह सम्भव है बिना त्याग के श्रम के और चाह के बिना सम्भव नहीं है

पर आज अधिकांश लोग सुखों के इतने आदि हो चुके है कि वे कुछ करना ही नही चाहते बल्कि हजारों की सोच है बस बैठे बैठे खाये और बिन कुछ त्याग के परिश्रम के सब कुछ मिल जाय जो कभी भी संभव नहीं है अगर हम सचमुच अपने घर, समाज और देश के लिए भी कुछ करना चाहते हैं तो जीवन में त्याग की

बहुत बहुत जरूरत है

खैर अंत में यही कहूंगा सभी को चाहिए कि हमें मानव जीवन मिला है तो इसको सार्थक कार्य से सार्थक करें और कुछ समय प्रतिदिन देश समाज और दूसरों को सुख चौन और सुकूंन देने मे भी लगाये ताकि जीवन के अंतिम समय में हमे भी सुख चौन और सुकूंन मिले नहीं तो यहीं पीड़ा बनी रहेगी अंतिम समय में कि हमें मानव जीवन मिला और हमनें व्यर्थ कर दिया कुछ नहीं कर पाये सिवा खाया पिया और मस्ती के जो देखने में आता है अक्सर लोग ये बात करते दिखाई देते हैं कि क्या करें सारा जीवन कमाने और गंवाने मे लगा दिया कुछ किया नहीं

# हैसियत तो है किराएदार की



हम सब इस धरा पर अपने कर्मअनुसार सुख – दुःख व साँसे सारी उधार की आदि साथ लेकर आये है । मान लो लड़–झगड़ आदि के हम के जीत भी गए तो कौन सी हमने बाजी मार ली।किसी भी चीज का घमंड , अहंकार आदि करके भी क्या होगा । क्यों हम तकरार कर अपना कीमती समय और शक्ति व्यर्थ गँवाते है और आपस में बैर–भाव बढ़ाते है । क्योंकि यहाँ हमारी हैसियत तो है केवल किराएदार की।इस मिट्टी से बनी देह का क्या ? मिट जाएगा एक दिन मिट्टी में । किसी के चेहरे पे मुस्कान खिला सकता हुँ ।इस हुनर का शहजादा हूँ मैं । खिले – खिले चेहरे मुस्कानो से लगते जैसे गुल खिले गुलुस्तानो में । बस यही खघसियत रहें हमारी बरकरार जीऊँ जब तक इस जहान में ।हर दिन को हम जीयें वह हर लम्हे का करें उपयोग ।गया जो पल गया संताप उसका हो यही कि आनेवाले हर पल का भरपूर करें सदुपयोग । काल हर क्षण मुँह बाये खड़ा है । मौत का साया हर ओर पड़ा है । क्षण बीता जाये क्षण का हर कण बीता जाये । जाने कब किसका नम्बर आ जाये । साँसों का खघ्जाना हो जाये खघली उससे पहले हम जीयें तो ऐसे जीयें कि हर दिन आखघ्रिी है । जाने समय कब करवट बदलेगा और ये साँसें भी ले लेंगी कब विराम । वक्त की दहलीज पार कर उम्र कब साहिल पर आ जाती है । अनवरत चलते इन कदमों की गति अनायास ही रुक जाती है । हम ये जान ही नहीं पाते है बल्कि उम्रदराज होने से पूर्व ही हम कई बार किनारे पर आ जाते है । जिन्दगी की यही गति है ये सब हमारे कर्मों की परिणति है । आज नहीं तो कल जिन्दगी अपनी आखघ्री मंजिल पर जरूर आनी है सुबह होती है वह शाम होती है ।हर दिन की अवधि यूँ ही यह तमाम होती है। हमारी साँसें भी गिनती की ही होती हैं।संख्या पूरी होने पर वह समाप्त हो ही जाती हैं। अतः हर दिन हम कुछ ऐसा करें कि वह दिन सार्थकता से पूर्ण करें। आगामी कुछ दिन हर रोज एक–एक बिंदु लें। उसी पर विशेष ध्यान दें ।हम अपनी उपलब्धियों पर कभी घमंड न करें। समझें यह शरीर तो है हमारा माटी का। वह साँसें सब उधार की। फिर क्यों करे गुरूर किस बात का क्योंकि हमारी हैसियत तो है मात्र कियायेदार की।

# विश्व के मनुष्य को मंदिर जाने के लाभ पर विशेष

## वरिष्ठ पत्रकार साहित्यकार अजय कुमार मांझी




मांझी भगवान शिव की सदा जय हो , भगवान शिव के मंदिर में जो भी भक्त पहुंचता है उसे मेरे भोले बाबा कृपा की बरसात शुरू कर देते हैं, पहला लाभ,मंदिर जाना इसलिए जरूरी है कि वहां जाकर आप यह सिद्ध करते हैं कि आप देव शक्तियों में विश्वास रखते हैं तो देव शक्तियां भी आपमें विश्वास रखेंगी। यदि आप नहीं जाते हैं तो आप कैसे व्यक्त करेंगे की आप परमेश्वर या देवताओं की तरफ है.? यदि आप देवताओं की ओर देखेंगे तो देवता भी आपकी ओर देखेंगे। और यह भाव मंदिर में देवताओं के समक्ष जाने से ही आते हैं,दूसरा लाभ,अच्छे मनोभाव से जाने वाले की सभी तरह की समस्याएं प्रतिदिन मंदिर जाने से समाप्त हो जाती है। मंदिर जाते रहने से मन में दृढ़ विश्वास और उम्मीद की ऊर्जा का संचार होता है। विश्वास की शक्ति से ही समृद्धि, सुख, शांति और कल्याण की प्राप्ति होती है,3.तीसरा लाभ,यदि आपने कोई ऐसा अपराध किया है कि जिसे आप ही जानते हैं तो आपके लिए प्रायश्चित का समय है। आप क्षमा प्रार्थना करके अपने मन को हल्का कर सकते हैं। इससे मन की बैचेनी समाप्त होती है और आप का जीवन फिर से पटरी पर आ जाता है।,चौथा लाभ,मंदिर में शंख और घंटियों की आवाजें वातावरण को शुद्ध कर मन और मस्तिष्क को शांत करती हैं। धूप और दीप से मन और मस्तिष्क के सभी तरह के नकारात्मक भाव हट जाते हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है,पांचवां लाभ,मंदिर के वास्तु और वातावरण के कारण वहां सकारात्मक उर्जा ज्यादा होती है। प्राचीन मंदिर ऊर्जा और प्रार्थना के केंद्र थे,हमारे प्राचीन मंदिर वास्तुशास्त्रियों ने ढूंढ–ढूंढकर धरती पर ऊर्जा के सकारात्मक केंद्र ढूंढे और वहां मंदिर बनाए। मंदिर में शिखर होते हैं।शिखर की भीतरी सतह से टकराकर ऊर्जा तरंगें व ध्वनि तरंगें व्यक्ति के ऊपर पड़ती हैं,ये परावर्तित किरण तरंगें मानव शरीर आवृत्ति बनाए रखने में सहायक होती हैं।व्यक्ति का शरीर इस तरह से धीरे–धीरे मंदिर के भीतरी वातावरण से सामंजस्य स्थापित कर लेता है। इस तरह मनुष्य असीम सुख का अनुभव करता है,छटा लाभ,मंदिर में उपस्थित व्यक्ति के मन में चंचलता चपलता कम होती है, और पवित्रता के विचार ज्यादा प्रबल होते हैं, चाहे वह ईश्वर के डर से या फिर ईश्वर के प्रति प्रेम व श्रद्धा के कारण। लेकिन इस तरह का निश्चल मन अपने आसपास के वातावरण को पवित्र बनाता है, इसलिए मंदिर में स्वतरू ही सकारात्मकता पवित्रता वाली ऊर्जा कुछ ज्यादा होती है जिसका लाभ वहां जाने वाले प्रत्येक व्यक्तियों को मिलता है।,सातवा लाभ,मंदिर में जाने से हम क्यू अपने आसपास के लोगों से मिलते जुलते हैं जिससे सामाजिक सौहार्द का वातावरण बनता है।और आपसी सामाजिक सौहार्द व सनातन धर्मावलंबियों में एकता वर्तमान की परिस्थितियों को देखते हुए अति आवश्यक भी है।अतः मंदिर जरूर जाएं और अपने साथ अपने बच्चों को भी लेकर जाएं, उन्हें भी अपनी सनातन संस्कृति व परंपराओं से अवगत करावे । जिससे जब वे बड़े हो तो उनके जीवन काल में कोई परेशानी आये तो उसे सरलता से निकल सके एवं वहां से मार्गदर्शन मिल सकें।

# बसंत पंचमी पर्व सौहार्दपूर्ण आस्था से मनाया गया

लघुकथा बसंत पंचमी, सरस्वती पूजा आस्था और विश्वास की जीत मोहन और सोहन गहरे दोस्त थे। मोहन कानून में पीएचडी था और विदेश में कार्यरत था। कोविड के कारण भारत आ गया था। सोहन 12वीं पास था और छोटी सी कंपनी में भारत में कार्यरत था। एक दिन मोहन अपने दोस्त सोहन के घर आया तो देखकर दंग रह गया कि, सोहन को पीले वस्त्र पहने थे और मस्तक पर हल्दी का पीला टीका लगा था और सामने मां सरस्वती देवी का स्वरूप रखा था। पूजा पाठ चल रहा था जन्मदिन केक सुशोभित था, मानो कोई धार्मिक यज्ञ हो रहा हो उत्सुकता वश डॉ मोहन ने पूछा, सोहन,यह क्या इतनी सारी तैयारी??कोई महायज्ञ है?? सोहन ने कहा, मित्र मोहन आज बसंत पंचमी है। मां सरस्वती का जन्मदिन है। और इसी दिन सिख गुरु गोविंद सिंह जी का भी जन्मदिन है सभी शिक्षाविद आज बड़ी पूजा अर्चना, संगम में ब्रह्ममुहूर्त में डुबकी लगाना, और उच्च ज्ञानवान बनाने की प्रार्थना करते हैं। मैंने मां सरस्वती की दीक्षा ली है 12वीं पास किया हूं। मां की कृपा से आज का दिन शुभ माना जाता है, आज पेड़ पौधों को भी नहीं काटा जाता और आज का पर्व ज्ञान व स्वरों की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। यह देख और सुन मोहन लज्जाप्रद हो गया और कहा, मित्र मैं तो पीजी और पीएचडी किया हूं। विदेश में बड़े–बड़े पद पर हूं।जिस शिक्षा वंदिनी के बल पर सब कुछ हूं उसे ही भुला बैठा हूं। और मुझे इसके बारे में कुछ मालूम ही नहीं और सोहन के चरणों में गिर पड़ा, कहा मित्र तुम तो मुझसे भी बड़े ज्ञानी और शिक्षाविद हो तुम भले ही, 12वीं पास हो छोटा सा जॉब है पर तुम सच्चे शिक्षाविद हो

सीख –कितना भी बड़ा शिक्षाविद हो पर मां सरस्वती की वंदना और बसंतपंचमी को ज्ञान, शिक्षा दाईनी के रूप में अर्चना कर,क्षमा याचना करना चाहिए, जिससे ज्ञान में वृद्धि होती है ।माननीय पीएम ने भी बसंत पंचमी सरस्वती पूजा की सभी को बधाईयां दीं उन्होंने कहा, बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने एक ट्वीट में, पीएम ने कहा, बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा का यह सुअवसर हर किसी के जीवन में नई ऊर्जा और नए उत्साह का संचार करे। मां विद्यादायिनी की वंदना से जुड़े इस पावन पर्व की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं।

लेखक कर विशेषज्ञ, साहित्यकार, कानूनी लेखक चिंतक कवि एडवोकेट किशन सनमुखध्दास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र।



# कल्पकथा का वार्षिकोत्सव कवि सम्मेलन के साथ संपन्न

प्रयागराज – वसंत पंचमी एवं गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर भारत का प्रतिष्ठित साहित्यिक मंच कल्पकथा साहित्यिक संस्था का वार्षिकोत्सव उमा शक्तिपीठ वृन्दावन धाम के प्रयागराज माघ मेला शिविर में कवि सम्मेलन के साथ बहुत ही हर्षोल्लास से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ उमा शक्तिपीठ के शंकराचार्य पूज्य स्वामी रामदेवानन्द सरस्वती महाराज ने दीप प्रज्वलित कर तथा कल्पकथा की संस्थापिका रेखा राधा शर्मा,पवनेश मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार से मां सरस्वती एवं गुरु का पूजन करके किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील शैली दिल्ली ने तथा मंच का संचालन रीतू पांडेय त्रिधा ने किया।

काव्यपाठ में आशा शुक्ला,सुषमा श्रीवास्तव,आचार्य धीरज द्विवेदी ष्याज्ञिकष, डॉ ममता शर्मा,रजनी कटारे,आशा झा,शशिभूषण मिश्र,अर्चित सावर्णी,अर्पिता तर्माली,कु.दामिनी आदि देश के कोने कोने से आये प्रसिद्ध कवि एवं कवित्रियों ने अपनी सुन्दर प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

कल्पकथा संस्था द्वारा आमंत्रित कवि एवं कवित्रियों तथा अतिथियों को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित करते हुए संस्था का स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र तथा कल्प श्री आदि पुरस्कार प्रदान किया गया इस अवसर पर शिविर के व्यवस्थापक आचार्य रत्नेश तिवारी,सुभ्रांशु पांडेय,डॉ श्रीराम मिश्र,डॉ एच एल पासी,संतोष पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।




# जननायक कर्पुरी ठाकुर जयंती समारोह संपन्न




महाराष्ट्र. पालघर जिला के नालासोपारा स्थित मारू भवन( जैन संघ) के हाल में जननायक कर्पुरी ठाकुर सेवा समिति (रजि. ) संगठन से संलग्न युगांतर चेरिटेबल ट्रस्ट, हेल्प चेरिटेबल ट्रस्ट और वित्तविहिन प्राइमरी एवं जूनियर हाईस्कूल एकता संघ भारत के तत्वावधान में स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक, राजनीतिक और विहार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पुरी ठाकुर की जयंती हर्षोल्लास से मनाया गया।

जयंती समारोह में मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता सभाजीत शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज बंधुओं को एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने की हर संभव प्रयास करना चाहिए। जापान कराटे चौंपियन , पूर्व शिक्षक मा श्री लालमनि शर्मा जी ने समाज के युवा को अनुशासित, उत्साहित और मर्यादित रूप से समय के महत्व को समझते हुए समाज के स्वजातीय बंधुओं को शैक्षणिक, राजनीतिक रूप से जगाते हुए जननायक कर्पुरी ठाकुर के विचारों को अपनाते हुए सभी को उनके विचारों से अवगत कराने का कार्य करने चाहिए। जयंती समारोह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जननायक कर्पुरी ठाकुर सेवा समिति ( रजि. ) संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ठाकुर ने कहा है कि समाज बंधुओं को भलीभांति से यह समझना होगा कि जन्म और मरण का दिन बदलता नहीं है। मगर स्वार्थ पूरा हो इसलिए कुछ संगठनों द्वारा कर्पुरी जयंती का तारीख को भी बदलने की हिमाकत शुरू कर दिए हैं। समाज को ऐसे लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। कर्पुरी ठाकुर सर्वाधिक पिछड़ा, सर्वाधिक दलितों के हित के लिए विहार में कर्पुरी फार्मुला लागू कर जनमानस को समानता की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया हैं। जिसके कारण कर्पुरी जी को जननायक की उपाधि से नवाजा गया। आज कर्पुरी ठाकुर को प्रेरणास्रोत मानते हुए ऐसे महान कर्मयोगी को भारत सरकार भारतरत्न सम्मान से सम्मानित करें इसके लिए एकजुट होकर आन्दोलन चलाने के लिए एकजुट होने की जरूरत हैं।

कार्यक्रम का संचालन युगांतर चेरिटेबल ट्रस्ट ( एनजीओ) के अध्यक्ष मा आनंद प्रकाश हीरा लाल शर्मा जी बड़े ही मार्मिक स्वभाव व सामाजिक परिदृश्य को समझाते हुए किया।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय में वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती आरती ठाकुर, शिवसेना नेता चंद्रभूषण शर्मा, बिल्डर मा श्री प्रसिद्ध ठाकुर, प्रमोद शर्मा, निलेश शर्मा, श्री मधुबन वर्मा, श्रीमती मंजु ठाकुर , श्रीमती कंचन शर्मा , श्रीमती पुष्पलता शर्मा,भाजपा युवा नेता जितेन्द्र शर्मा (जितू ) श्री प्रेम विश्वकर्मा, श्री गुलाब यादव, अंबोली शिवसेना उप शाखा प्रमुख श्री राजू शर्मा सैकड़ों की संख्या में लोगों ने उपस्थित थे।

कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय के बीच केक काटकर जननायक कर्पुरी ठाकुर की जयंती मनाई गई।

# गर्ल्स कॉलेज-मंडला में एड्स के विरुद्ध जागरुकता



मंडला––शासकीय कन्या महाविद्यालय में कॉलेज–प्राचार्य प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे के मार्गदर्शन तथा एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी के संयोजन–संचालन व डॉ अंजली पंड्या के विशेष सहयोग से एड्स के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम कॉलेज के रेड रिबन क्लब के सौजन्य से किया गया।डॉक्टर्स फॉर यू एनजीओ के रिसर्च असिस्टेंट आनंद मसीह ने छात्राओं को इस बीमारी व एचआईवी वायरस के बारे में विस्तारपूर्वक बताया, तथा रोग से बचाव के लिए सावधानियों पर प्रकाश डाला। कोऑर्डीनेटर रामकृष्ण की उपस्थिति व सहयोग रहा। प्राचार्य प्रो(डॉ)शरद नारायण खरे ने कहा कि ष्सावधानियाँ रखा जाना इलाज से कहीं बेहतर होता है। ष उन्होंने कहा कि किसी भी रोग से बचने हेतु यह आवश्यक होता है, कि उस रोग को फैलाने वाले कारणों को पहले ही जान लिया जाए। और फिर उन पर अमल किया जाना। विजया श्याम ने आभार प्रदर्शन किया।

# लाला कालिका प्रसाद श्रीवास्तव इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस




कानपुर. आजादी का महापर्व गणतंत्र दिवस पूरे देश में धूमधाम से मनाया गया साथ ही बसंत पंचमी का उत्सव भी जगह–जगह धूमधाम से मनाया गया इसी कड़ी में कानपुर नगर के लाला कालिका प्रसाद श्रीवास्तव इंटर कॉलेज तिलसहरी में माँ हंस वाहिनी सरस्वती देवी की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई तथा गणतंत्र दिवस के अवसर पर भक्ति एवं देश भक्ति के कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रस्तुत की गई। आज के इस कार्यक्रम में नन्हे–मुन्ने बच्चों की देश प्रेम से ओतप्रोत प्रस्तुतियां सुनकर विद्यालय प्रांगण में उपस्थित पूरा सदन वाह–वाह करता रहा। बच्चों द्वारा जो भी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए वे अद्वितीय थे। उपस्थित जनमानस ने पूर्ण आनंद प्राप्त किया। आज के इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सहायक विकासखंड विकास अधिकारी श्री शिवराम कुशवाहा ने की तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मानवाधिकार सुरक्षा परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री नवीन द्विवेदी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक श्री नीरज प्रकाश श्रीवास्तव एवं प्रधानाचार्य शैलेंद्र प्रकाश ने आए हुए विशिष्ट अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। विद्यालय के प्रबंधक श्रीवास्तव जी ने उपस्थित जनमानस से अपील करते हुए कहा कि हम सबको विधि द्वारा निर्धारित नियम और कानूनों का पूर्ण पालन करना चाहिए। इससे हमारे देश की प्रगति चरम सीमा को प्राप्त करेगी। प्रधानाचार्य श्री शैलेंद्र जी ने उपस्थित सदन से कहा की राष्ट्रभक्ति से बढ़कर हमारे जीवन का कोई उद्देश्य नहीं होना चाहिए। विशिष्ट अतिथि श्री द्विवेदी ने कहा की राष्ट्र की उन्नति में शिक्षा का बहुत बड़ा महत्व है। मुझे गर्व है कि अपने क्षेत्र में सीमित संसाधन में उच्च कोटि की शिक्षा प्रदान की जा रही है। सभी बच्चे इसका लाभ अवश्य उठाएं तथा यदि कहीं कोई समस्या होती है तो मुझसे संपर्क भी कर सकते हैं। ज्ञातव्य हो कि लाला कालिका प्रसाद विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। आज के इस कार्यक्रम में मनीष कुमार श्रीवास्तव, नरेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, मलखान सिंह, अवधेश कुमार, जयत कुमार, अभिषेक, श्रवण कुमार, दीपशिखा, पिंकी, अंजलि नीशू, दीपिका,तन्वी,वेदवती शिक्षक गण तथा क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक श्री श्रीवास्तव ने संस्थापक श्री अश्विनी कुमार एवं संस्थापिका श्रीमती वेदवती का माल्यार्पण करके आशीष प्राप्त किया।कार्यक्रम के समापन के समय अध्यक्ष महोदय ने सभी उपस्थित जनमानस को एवं छात्र छात्राओं को गणतंत्र दिवस की बधाई दी तथा लोभ व दर्प से विरत रहकर अपने कर्तव्यों का सच्चे मन से संपादित करने की अपील की।

# ब्रजराज काव्य कला संघ साहित्यिक मंच का हुआ लोकार्पण





प्रयागराज – वसंत पंचमी एवं गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर मां त्रिवेणी के पवित्र गोदी में शिव शक्तिपीठ वृन्दावन धाम के माघ मेला शिविर प्रयागराज में पूज्य शंकराचार्य स्वामी रामदेवानन्द सरस्वती जी महाराज के कर कमलों द्वारा ब्रजराज काव्य कला संघ साहित्यिक मंच की स्थापना करके लोकार्पण किया गया।

संस्थापिका एवं अध्यक्ष रीतू पांडेय ष्त्रिधाष एवं ब्रजेश पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार पूर्वक मां भगवती सरस्वती का व गुरु पूजन करके देश के कोने कोने से पधारे साहित्यिक महानुभावों एवं मातृ शक्तियों के उपस्थिति में पूज्य महाराज जी के द्वारा लोकार्पण करते हुए कहा कि अपनी संस्कृति,संस्कार एवं साहित्यिक विधाओं को संजोने हेतु इस पावन ब्रजराज काव्य कला संघ की आधारशिला रखी जा रही है।

पूज्य रामदेवानन्द महाराज ने अपने आशिर्वचनों से समारोह को अभिसिंचित किया तथा उपस्थित कवि एवं कवित्रियों ने भी अपनी कविताओं को प्रस्तुत किया तथा उपस्थित विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्र,सम्मान पत्र,पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर राधा श्रीशर्मा,पवनेश मिश्र,आचार्य रत्नेश तिवारी,आशा शुक्ला,आचार्य धीरज द्विवेदी ष्याज्ञिकष,सुषमा श्रीवास्तव,डॉ ममता शर्मा,सुशील शैली,रजनी कटारे,आशा झा,शशिभूषण मिश्र,अर्चित सावर्णी,अर्पिता तरमाली,डॉ श्री राम मिश्रा,डॉ एच एल पासी,संतोष पांडेय,कु. दामिनी,शुभ्रांशु पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास से मनाई गई पंडित सूर्य कांत त्रिपाठी निराला जयंती




बीघापुर उन्नाव उन्नाव जिले के वैसवार में जन्मे पंडित सूर्य कांत त्रिपाठी निराला जी हिन्दी जगत में छायावादी युग के चार स्तंभों में से एक माने जाते हैं। उन्होंने कई कहानियां, उपन्यास एवं निबंधा भी लिखे हैं। किन्तु उनकी ख्याति विशेष रूप से कविता के कारण ही है। उनकी कविताओं के स्मरण से हम सभी को एक नई दिशा मिलती है। पंडित जी अपने देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी अपनी कविताओं की छाप छोड़ रखी है। 16–17 वर्ष की उम्र से ही इनके जीवन में अनेक दैवीय , सामाजिक एवं साहित्यिक विपत्तियां आई । कुटुंब के पालन पोषण का भार स्वयं झेलते हुए। वे अपने मार्ग से विचलित नहीं हुए। पंडित सूर्य कांत त्रिपाठी निराला जी के मातृभूमि उन्नाव के गढाकोला में भव्य स्मृति भवन एवं पुस्तकालय का निर्माण भी कराया जा चुका है। कई वर्षो बाद ऐसा दुर्लभ संयोग बना है। जिसमें वंसत पंचमी , गणतंत्र दिवस तथा सूर्य कांत त्रिपाठी निराला जयंती एक साथ मनाई गई । इस अवसर पर उनके जन्मभूमि गढाकोला में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित, क्षेत्रीय विधायक आशुतोष शुक्ला पहुंचे । मां सरस्वती एवं निराला जी को माल्यार्पण किया। अनेक साहित्यिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। सुबह राष्टीय पर्व मनाया गया । बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली।

# श्रीश्री कात्यायनी मन्दिर का अष्ट दिवसीय शताब्दी समारोह 29 जनवरी से प्रारंभ




वृन्दावन।राधा बाग–केशवाश्रम क्षेत्र स्थित श्रीश्री कात्यायनी पीठ में मां कात्यायनी मन्दिर का अष्ट दिवसीय शताब्दी समारोह का आयोजन 29 जनवरी से 5 फरवरी पर्यंत विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया है। इस सम्बन्ध में आयोजित पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए कात्यायनी ट्रस्ट के अध्यक्ष विष्णुप्रकाश ने बताया है कि समारोह का शुभारम्भ 29 जनवरी को मां कात्यायनी मन्दिर से धूमधाम के साथ निकलने वाली श्रीमद्भागवत की शोभायात्रा के साथ होगा।जो कि कथा स्थल तक जाएगी। व्यासपीठ से ठाकुर श्रीराधारमण मन्दिर के सेवायत वैष्णवाचार्य श्रीवत्स गोस्वामी महाराज 29 जनवरी से 4 फरवरी तक प्रतिदिन अपरान्ह 3 से सायं 6रू30 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे।ट्रस्ट के सचिव रवि दयाल व पूर्व सचिव नरेश दयाल ने बताया है कि समारोह के अंतर्गत शतचंडी महायज्ञ का भी आयोजन किया गया है।इसके अलावा प्रतिदिन मां कात्यायनी को 56 भोग भी अर्पित किए जाएंगे।इसके अलावा 5 फरवरी को प्रातः 10 से पूर्वाह्न 11रू30 बजे तक 4 विशेष आरती होंगी। शताब्दी समारोह में प्रमुख संतों, राजनेताओं, बुद्धिजीवियों, अधिकारियों,व्यापारियों एवं भक्तों व श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है।

इस अवसर पर मंदिर के व्यवस्थापक राजेन्द्र शर्मा, प्रमुख समाजसेवी महेश वार्ष्णेय, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, महेश खंडेलवाल, आचार्य जुगल किशोर शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा व भाजपा युवा मोर्चा के कोषाध्यक्ष भरत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कवि अशोक कुमार यादव राष्ट्रीय प्रेमी सम्मान से हुए सम्मानित

74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नव साहित्य परिवार भारत स्यौहारा बिजनौर,उत्तरप्रदेश के द्वारा दिनांक 26 जनवरी 2023 को साहित्यकारों को सम्मान पत्र दिया गया। इस इकाई के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ.अमित कुमार बिजनौरी, तकनीकी सलाहकार हंसराज सिंह हंस, संरक्षक सुधीर श्रीवास्तव और प्रचार सचिव अरविंद कुमार हैं। इस दिवस पर इकाई के द्वारा भारत के अन्य राज्यों के कवि एवं कवयित्रियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुंगेली, छत्तीसगढ़ के कवि, साहित्यकार एवं राष्ट्रीय कवि संगम इकाई के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार यादव को साहित्य निष्ठा, शिक्षा जगत की अमूल्य सेवा, समाज सेवा, राष्ट्र के प्रति संवैधानिक जागरूकता एवं कर्तव्य निष्ठा के लिए राष्ट्रीय प्रेमी सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान पत्र मिलने पर डॉक्टर मंतराम यादव, संगीता यादव, रामेश्वर प्रसाद साहू, रवि यादव, अनिल जयसवाल, बलवीर सिंह, संतोष कुमार यादव और रामकृष्ण चंद्राकर सहित अन्य दोस्तों, परिजनों और कवियों ने शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी।

# कांग्रेस कमेटी मझियार द्वारा पंचायत सथनी में किया गया ध्वजारोहण

रीवा,माननीय कमलनाथ जी के संदेशों का वाचन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मझियार के युवा संघर्षशील ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र सिंह द्वारा किया गयाध्इसी क्रम में 26 जनवरी से ही शुरू हो रही हाथसेहाथऋजोड़ो अभियान का शुभारंभ किया गया, इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी रीवा ग्रामीण के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष इंजीनियर श्री राजेंद्रशर्मा पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी रीवा ग्रामीण अध्यक्ष श्री त्रियुगीनारायण शुक्ला भगत नवनिर्वाचित रीवा जिला के संगठन मंत्री एडवोकेट रवि तिवारी काग्रेंस नेता धर्मेन्द्र तिवारी बब्बुल भैया दिवाकर द्विवेदी एवं विधानसभा सेमरिया एवं ब्लाक मझियार के सभी सम्मानित कांग्रेस जन एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों उपस्थित में कार्यक्रम आयोजित किया गया।



# 04 अदद चोरी की मोटरसाइकिल व 01 अदद बिजली मोटर पम्प सहित चोरी के जेवरात व नगदी के साथ 04 चोरों को थाना गोसाईगंज अयोध्या पुलिस ने किया गिरफ्तार

अयोध्या वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या श्री मुनिराज के दिशा–निर्देशन में तथा श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय ग्रामीण एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय सदर के पर्वेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एंव सक्रियध संदिग्ध अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आज दिनांक 26.01.2023 को प्रभारी निरीक्षक अक्षय कुमार के नेतृत्व में थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या की पुलिस द्वारा ग्राम सरैया नहर तिराहा थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या के पास से मुखबिर की सूचना पर अभियुक्तगण 1.शिवा पाण्डेय पुत्र राम प्रकाश पाण्डेय निवासी बेलवारी खान थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या 2. चन्द्र प्रकाश दूबे पुत्र श्री राधेश्याम दूबे निवासी गौहनिया पंडित का पूरवा थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या 3. सफीक अंसारी पुत्र अब्बास अंसारी निवासी ग्राम देवरादाउतपुर थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या 4.बृजेश पुत्र हरिशंकर निवासी गौहनिया परशुरामपुर थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या हाल पता रामगंज थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या को मय 04 अदद चोरी की मोटरसाइकिल व 01 अदद विजली मोटर पम्प एवं 04 जोडी पायल सफेद धातु,10 अदद विछुआ सफेद धातु, 02 अदद लाकेट पीली धातु ,कान की झुमकी 01 जोडी पीली धातु तथा साड़ी 09 अदद उनके जामा तलाशी से चोरी के 7830ध– रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया । बरामद शुदा गहने व कपडे थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 13ध2023 धारा 380 भादवि से सम्बन्धित होना पाया गया व बरामद शुदा विद्युत मोटर पम्प थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 14ध2023 धारा 379 से सम्बन्धित होना पाया गया व बरामद शुदा गाड़ी विभिन्न जनपदो से चोरी होने की बात प्रकाश में आयी है । उक्त के सम्बंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 0018ध2023 धारा411.419.420. 467.468.471 भादवि पंजीकृत कर अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय भेजा गया गिरफ्तार किये गये अभियुक्तगण का नाम–

1 . शिवा पाण्डेय पुत्र राम प्रकाश पाण्डेय निवासी बेलवारी खान थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या

2. चन्द्र प्रकाश दूबे पुत्र श्री राधेश्याम दूबे निवासी गौहनिया पंडित का पूरवा थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या 3. सफीक अंसारी पुत्र अब्बास अंसारी निवासी ग्राम देवरादाउतपुर थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या

4.बृजेश पुत्र हरिशंकर निवासी गौहनिया परशुरामपुर थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या हाल पता रामगंज थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या ।

बरामदगी का विवरण–

04 अदद मोटरसाईकिल ।

01 अदद विजली मोटर पम्प

04 जोडी पायल सफेद धातु,10 अदद विछुआ सफेद धातु, 02 अदद लाकेट पीली धातु ,कान की झुमकी 01 जोडी पीली धातु तथा 09 अदद साड़ी आपराधिक इतिहासशफीक अंसारी पुत्र अब्बास अंसारी निवासी ग्राम देवरादाउतपुर थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या।1. मु0अ0सं0 184ध2022 धारा 380ध411 प्च्ब थाना महराजगंज अयोध्या ।

2.मु0अ0सं0,1043ध2016 धारा 392,411 भादवि कोतवाली नगर अयोध्या ।

3. मु0अ0सं0 154ध2017 धारा 120बी, 392,411 भादवि को0 बीकापुर जनपद अयोध्या

4. मु0अ0सं0 29ध2017 धारा 3 ध25 आर्म्स एक्ट थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या 5. मु0अ0सं0 361ध2017 धारा 3 ध25 आर्म्स एक्ट थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या 6. मु0अ0सं0 146ध2017 धारा 3 ध25 आर्म्स एक्ट थाना महराजगंज जनपद अयोध्या 7. मु0अ0सं0 385ध2017 धारा 3(1) यूपी गैगेस्टर एक्ट थाना महराजगंज जनपद अयोध्या ।

# गणतंत्र दिवस पर डॉ. अशोक कुमार वर्मा को सम्मानित किया



नशामुक्ति अभियान के लिए विशेष रूप से सम्मानित 155 बार रक्तदान 72 बार प्लेटलेट्स दे चुके डॉ. वर्मा द्वारा आयोजित 433 रक्तदान शिविरों से 49869 लोगों को मिला रक्त लाभ

कैथल। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर पुलिस लाइन कैथल में प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्यातिथि सांसद नायब सैनी, उपायुक्त डॉ. संगीता तेतरवाल, पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद, नगराधीश गुलजार अहमद आदि ने अपने कर कमलों से यह प्रशंसा पत्र प्रदान किया। यह सम्मान उन्हें विशेष रूप से हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख श्री श्रीकांत जाधव भापुसे द्वारा 2022–2023 में चलाए गए नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के लिए प्रदान किया गया है। हरियाणा पुलिस के उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा उत्कृष्ट पुलिस सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से विभूषित हैं और माननीय राज्यपाल हरियाणा से स्वर्ण पदक, राज्यपाल कुलचिन्ह (गोलाकार पुरस्कार) भी प्राप्त कर चुके हैं। वे डायमंड रक्तदाता, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता और पर्यावरण प्रहरी के नाम से जाने जाते हैं। वे बी. कॉम., एम . कॉम., एम.ए. लोक प्रशासन, एलएल.बी, एलएल.एम., पीएच.डी., पी.जी. डिप्लोमा इन साइबर लॉ हैं।

बॉक्स – रक्तदान के क्षेत्र में शतकवीर से सम्मानित

डॉ. अशोक कुमार वर्मा नियमित रक्तदाता हैं और 1989 से लेकर अब तक वे 155 बार स्वेच्छा से रक्तदान कर चुके हैं और 72 बार प्लेटलेट्स दान कर असंख्य लोगों का जीवन बचा चुके हैं।

बॉक्स– बिना किसी बैनर के लगा चुके 433 रक्तदान शिविर और 49869 लोगों को मिला रक्त का लाभ

वे बिना किसी बैनर के अकेले ही अब तक 433 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगा चुके हैं जिसमे एकत्रित रक्त से 49869 लोगों को लाभ मिला है।

नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम हरियाणा प्रान्त में 500 से अधिक नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लाखों लोगों को नशा न करने का प्रण करवा चुके हैं। ब्यूरो द्वारा नशा मुक्ति केंद्र में निशुल्क उपचार कराया जा रहा है।

# अशोका इंस्टीट्यूट में धूमधाम से मना 74वें गणतंत्र दिवस





वाराणसी। 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अशोका इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी एंड मैनेजमेंट और अशोक स्कूल आफ बिजनेस में धूमधाम से आजादी का जश्न मनाया गया। तिरंगा फहराने के बाद शहीदों का पुण्य स्मरण करते हुए मुख्य अतिथि काशीरत्न श्री हीरालाल मौर्य ने कहा कि आज का दिन हर बलिदानी को नमन करने और उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प लेने का अवसर है। बलिदानियों के सपने तभी पूरे होंगे जब हम आज नई राह, नए संकल्प और नए सामर्थ्य के साथ आगे बढ़ेंगे। स्टूडेंट्स और टीचर्स को संबोधित करते हुए हीरालाल ने कहा कि देश की आजादी से पहले गुलामी का पूरा कालखंड संघर्ष में गुजर है। देशवासियों ने सैकड़ों सालों तक न सिर्फ गुलामी के खिलाफ जंग लड़ी, बल्कि अपना जीवन भी खपाया। लाखों जांबाजों ने अपने जीवन की आहुति भी दी। लंबे संघर्ष के बाद मिली आजादी तभी सार्थक होगी जब देश में लोकतंत्र, न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का परचम फहरेगा। आजादी के बाद भारत ने एक ऐसा संविधान लागू किया जो हमारी सामूहिक चेतना का जीवंत दस्तावेज है, जिसकी सराहना पूरी दुनिया में की जाती है। देश की तरक्की के लिए शांति और सद्भाव जरूरी है। एकजुटता और भाईचारे के जरिए समस्याओं का समाधान ढूंढा जाना चाहिए।काशीरत्न हीरालाल ने यह भी कहा कि इक्कीसवीं सदी ज्ञान–विज्ञान और लोकतंत्र का युग है। हम सब मिलकर, एक ऐसे नए भारत के निर्माण में जुट जाएं, जहां शांति हर सवाल के जवाब का आधार हो। एकजुटता से हर समस्या के समाधान के प्रयास हो। शांति और भाईचारा को बढ़ावा देकर देश विरोधी ताकतों को परास्त करें। हमें मिलकर देश के विकास में भागीदार बनना चाहिए। किसी भी समस्या का समाधान दृण इच्छाशक्ति, शांति और एकजुटता से ही किया जा सकता है।

अशोका इंस्टीट्यूट के संस्थापक अशोक मौर्य ने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी एकजुटता और भाईचारे के चलते ही राष्ट्र विरोधी ताकतें नतमस्तक हो रही हैं। गणतंत्र–दिवस के पवित्र अवसर पर हम अपील करना चाहते हैं बुराई के रास्ते पर चलने वाले,राष्ट्रभक्त बनें और शांतिपूर्ण तरीके से समस्याओं को सुलझाएं, चेयरमैन इंजीनियर अंकित मौर्य ने कहा कि अपराध, भ्रष्टाचार और हिंसा जैसी समस्याओं से निपटने के लिए हमें अपने देश को एक सफल,विकसित और स्वच्छ देश बनाना होगा। साथ ही गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, ग्लोबल वार्मिंग, असमानता, आदि जैसे चीजों को अच्छी तरह समझना होगा और इनका हल निकालना होगा। वाइस चेयरमैन अमित मौर्य ने कहा कि भारत के महान स्वतंत्रता सेनानियों ने कड़ी मेहनत और संघर्ष के करके महात्मा गांधी, भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद, लाला लाजपत राय, सरदार बल्लभ भाई पटेल, लाल बहादुर शास्त्री ने देश को स्वराज दिलाया है। उसी का नतीजा है कि आज हम आजादी की हवा में सांस ले रहे हैं,अशोका इंस्टीट्यूट की निदेशक डा. सारिका श्रीवास्तव ने कहा कि 74वर्ष पहले आज के दिन देश को पूर्ण स्वायत्त गणराज्य घोषित किया गया था और स्वतंत्र भारत में एक नए युग का सूत्रपात हुआ था। संविधान के रचनाकारों की भावनाओं को समझकर मानवता को हमारी भाषा और राष्ट्रधर्म को अपना धर्म स्वीकार करना होगा। आज के शुभ दिन गणतंत्र दिवस के अवसर पर ज्ञान की देवी माता सरस्वती का पूजन कार्यक्रआयोजित किया गया।एक शिक्षण संस्थान के लिए इस पुजा का बहुत बड़ा महत्व होता है जिसमे पूरी श्रद्धा के साथ सभी ने पूजन और नमन किया।इस मौके पर फार्मेसी के निदेशक डा. बृजेश सिंह, अशोका स्कूल आफ बिजनेस के निदेशक प्रो.सीपी मल्ल, डीन एसएस कुशवाहा, प्रो.एसके शर्मा, रजिस्ट्रार असीम देव आदि के अलावा इंस्टीट्यूट के सभी शिक्षक, कर्मचारी और स्टूडेंट्स उपस्थित थे, जिन्होंने तिरंगा फहराने के बाद देश की एकता और अखंडता की शपथ ली। इस अवसर पर स्टूडेंट्स ने रंगरंग कार्यक्रम भी पेश किया।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार व भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो ने 26 जनवरी पर 26 विशिष्ट समाजसेवियों को दिया राष्ट्रीय गौरव रत्न अवार्ड



प्रयागराज। राष्ट्रीय मानवाधिकार व भ्रष्टाचार नियन्त्रण ब्यूरो ने 74वें गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2023 व पावन पर्व वसंत पंचमी पर उच्च प्राथमिक विद्यालय अतरसुइया, प्रयागराज में गणतंत्र दिवस के दिव्य समारोह में 26 विशिष्ट समाजसेवियों को राष्ट्रीय गौरव रत्न अवार्ड–2023 से सम्मानित किया। इससे पूर्व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के पाण्डेय एडवोकेट (हाई कोर्ट इलाहाबाद) व थाना अतरसुइया की उप निरीक्षक अर्चना चौबे ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर एवम दीप प्रज्वलन करके समारोह की शुरुआत किया।

जानकारी के अनुसार उपरोक्त अवसर पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायन, वादन, नृत्य, भाषण से बच्चों ने उपस्थित राष्ट्रभक्तों का मन मोह लिया। इस अवसर पर एनजीओ पीडब्ल्यूएस की अध्यक्षा श्रीमती मनीषा पाण्डेय, राष्ट्रीय मानवाधिकार व भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फैजान रजा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद कुमार आर तिवारी सूरत, गुजरात प्रदेश अध्यक्ष राजनाथ मिश्र, यूपी स्टेट से स्टेट मीडिया आफीसर शाबाज अंसारी, करछना तहसील अध्यक्ष मनीष विश्वकर्मा, अप निरीक्षक अर्चना चौबे, प्रभारी प्रधानाध्यापिका फरहाना जफर, शिक्षक राम मोहन सिंह, श्रीमती लता चतुर्वेदी, सुदक्षिणा, श्वेता श्रीवास्तवा, वाइस आफ इण्डिया के एडिटर इन चीफ जैद उल्ला, युवा समाजसेवी मुशीर उल्ला, पीडब्ल्यूएस शिक्षालय परिवार के दिनेश मिश्र शिक्षक सिद्धार्थनगर, सुधीर शुल्क सतना, मध्य प्रदेश, डी डी शुक्ल जर्नलिस्ट हरदोई, करछना से पीयूष मिश्र आदि को राष्ट्रीय गौरव रत्न अवार्ड देकर सम्मानित किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के सभी बच्चों को ट्रॉफी, कॉपी, स्टेशनरी देकर सम्मानित करने के साथ सभी बच्चों में कॉपी, पेन, पेंसिल, मिठाई वितरित किया गया। संगठन के तरफ से विद्यालय परिवार हेतु प्रभारी प्रधानाध्यापिका फरहाना जफर व शिक्षकों को विशेष स्मृति शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम में रजत जयसवाल, मुन्ना, राहुल, प्रियंका, राजीव, याकूब आदि सैंकड़ों राष्ट्रभक्त उपस्थित रहे। इस अवसर पर आर के पाण्डेय, अर्चना चौबे, श्रीमती मनीषा पाण्डेय, फैजान रजा, फरहाना जफर, शाबाज अंसारी आदि ने गणतंत्र दिवस पर उपस्थित जन समूह को संबोधित किया।

# एडीजीपी श्री श्रीकांत जाधव साहब के दिशानिर्देशों से एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम

म्हारा हरियाणा नशा तै बचा कै राखियों रै न यो चिट्टा खा जागा या है काली नागनी– डॉ. वर्मा जींद। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख एवं अम्बाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री श्रीकांत जाधव भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जींद में एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा मुख्य वक्ता के रूप में पधारे हुए थे जबकि ब्यूरो के उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह और प्रयास जींद के सदस्य राजेंद्र वर्मा ने कार्यक्रम के संचालन में सहयोग किया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों के साथ खुले मंच से नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करते हुए चर्चा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा का एक नारा था– देसां में देश हरियाणा जित दूध दही का खाना। अब यह एक स्वप्न मात्र रह गया है क्योंकि सब खाद्य वस्तुओं में मिलावट और विष रुपी खाद का प्रयोग हो रहा है। उस पर युवा नशे की और आकर्षित हो रहे हैं। ब्यूरो प्रमुख श्री श्रीकांत जाधव साहब ने हरियाणा को नशा मुक्त करने के आशय से के गाना बनाया है जिसके बोल हैं, म्हारा हरियाणा नशा तै बचा कै राखियों रै न यो चिट्टा खा जाएगा या है काली नागिनी। यह सत्य है आज का युवा मार्ग से विचलित होकर नशे के सेवन में मस्त होकर अपने जीवन को नरक के समान बना रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने जीवन में नशा न करने की शपथ ली। इस अवसर पर संस्थान के जीआई सुरेश चंद्र मलिक, जोगिंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, आजाद सिंह, केवल सिंह, सुरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।



# सिल्वर लाइन एकेडमी में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस




मेरठ। सरधना क्षेत्र के कुशावली रोड स्थिति सिल्वर लाइन एकेडमी झिटकरी में गुरुवार को 74वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया । विद्यालय के प्रधानाचार्य सिद्धेश शर्मा ने ध्वजारोहण कर बच्चों को संविधान व देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के विषय में जानकारी दी । सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हें मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति गीतों व नृत्यों पर शानदार प्रस्तुति देते हुए देशभक्ति की शमां बांध दी । एलकेजी की छात्रा ईशी पांडेय ने देश रंगीला गाने पर मनमोहक नृत्य किया । 8वीं कक्षा की छात्राओं में अभिलाषा वितानी,कनक,आयुषी ने भाषण व देशभक्ति नाटक प्रस्तुत कर सभी को देश सेवा के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशांत सोम, हेमंत सोम, निर्मला सिरोही, ममता राणा व प्रवेश का योगदान रहा।

# विद्यालयों में एल सी डी के माध्यम से देखा गया प्रधानमंत्री द्वारा विद्यार्थियों से परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के विद्यार्थियों से परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को जनपद के विद्यालयों में एल सी डी के माध्यम से देखा गया ।प्रधान मंत्री ने देश के विभिन्न प्रांतों से चर्चा में जुड़े विद्यार्थियों के प्रश्नों का बड़ी सरलता से उत्तार दिया ।अकबरपुर नगर के डाक्टर ए के पब्लिक स्कूल के सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी,प्रधानाचार्य टी पी वर्मा,राम सुरेश यादव,निवर्तमान चेयर मैन सरिता गुप्ता,कार्यक्रम संयोजक मनोज गुप्ता गुड्डू,नंद कुमार तिवारी राना,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,जिला मंत्री विनय पाण्डेय,लोक सभा विस्तारक राकेश कुमार,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रिंकल सिंह रघुवंशी,सत्यम ओझा,प्रहलाद वर्मा की उपस्थिति में भाव विभोर होकर सुना ।विद्यार्थियों के प्रश्नों का प्रधान मंत्री के उत्तर से प्रभावित होकर बच्चे बीच बीच में तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत करते हुए एकाग्रता से संबोधन को सुना ।बच्चों ने उक्त अवसर पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

छात्रों से परीक्षा पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रश्न के उत्तर में कहा कि बच्चे अपनी इरादों और लक्ष्य के अनुसार ही समर्पित होकर परीक्षा में शामिल हों,किसी के दबाव में नहीं रहें ।अपनी क्षमता और योग्यता को परीक्षा के परिणाम में बदलें।

आवश्यकता है

झुग्गी झोपडी हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
एवमं
JJ News Portal
के लिये उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले
के लिए संवाददाता, पेजमेकर आपरेटर, विज्ञापन प्रतिनिधि और एजेंसी / ब्यूरो चीफ बनने हेतु सम्पर्क करे !

सम्पादक - संजय कुमार यादव
9918366626 9454084311
पता
277/129, चकिया, जगमल का हाता,
पीएनबी एटीएम के पास

# फैंस की भारी भीड़ के बीच एक्टर अभिनेता चन्दन सेठ ने असहाय एवं गरीबों में बांटे कंबल

जौनपुर ।जिले के त्रिलोचन महादेव निवासी रियल हीरो की मिसाल पैदा करने वाले एक्टर चन्दन सेठ अक्सर सुर्खियों में रहते हैं ।उनका दरियादिली वाला अंदाज किसी से छिपा नहीं है, यही वजह है कि, आज फैंस उन्हें बेइंतहा प्यार करते हैं ।बीते गुरुवार जब चन्दन सेठ पराऊगंज बाजार में पहुंचे तो वहां के उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवचन्द यादव व सरकोनी में वैद्य सुदर्शन मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने उनका बैंड बाजे व गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया ।अभिनेता चन्दन की एक झलक पाने के लिए लोग अपनी छतो पर से देख रहे थे ।भारी सुरक्षा के बीच अभिनेता ने वहां असहाय व गरीब लोगों में कंबल वितरण किया ।बता दें कि, चन्दन सेठ,पराऊगंज बाजार में सम्मान समारोह व असहाय एवं गरीबों में कंबल वितरण के लिए वहां पहुचे थे ।इस दौरान पराऊगंज चौकी इंचार्च सत्येन्द्र बहादुर पटेल अपने हमराहीयों के साथ वहां डटे रहे ।श्री सेठ ने पत्रकार वार्ता में बताया कि, वो जौनपुर शहर स्थित शक्तिपीठ माता शीतला चौकिया महोत्सव में सम्मलित होने जा रहे थे ।जहां उनके चाहने वालों ने जगह जगह स्वागत समारोह रखा हुआ था ।लोगों का इतना प्यार और सम्मान पाके मैं अभिभूत हूं ।इस दौरान वहां गायक रंजन दुबे,विनय वर्मा,श्रीराम यादव,मुलायम यादव,प्रताप बहादुर पटेल,विरेन्द्र यादव,हरिकेश सोनकर,गिरधर सेठ,विनय सिंह,अरविन्द यादव,संगम जायसवाल,श्रवण दुबे,आरजू चौबे,अभिषेक चौबे,अब्दुल रहीम,लाल मोहम्मद,वैद्य विष्णु प्रसाद मिश्रा,शास्त्री कनौजिया,संतोष जायसवाल समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे ।चन्दन सेठ बहुत जल्द बहुचर्चित फिल्म बैरी कंगना के रीमेक बैरी कंगना फिर से में मुख्य किरदार में दिखाई देंगे।



# यरुशलम में पूजास्थल में गोलीबारी, आठ की मौत, 10 घायल

इस्राइल की राजधानी यरुशलम के बाहरी इलाके नेवे याकोव स्ट्रीट पर एक पूजा स्थल में शुक्रवार को गोलीबारी की खबर सामने आई। इस्राइली बचाव सेवा ने बताया कि यरुशलम के पूजा स्थल में गोलीबारी हुई है। इस घटना में मरने वालों की संख्या आठ हो गई है और करीब 10 लोग घायल हैं। इस्राइल के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह घटना रात 8रू15 बजे (स्थानीय समयानुसार) हुई।

**गोलीबारी एक आतंकवादी हमलारू पुलिस**

यह हमला फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक में इस्राइली सैनिकों द्वारा नौ लोगों के मारे जाने के एक दिन बाद हुआ है। पुलिस का कहना है कि यह गोलीबारी एक श्आतंकवादी हमलाश है। उन्होंने कहा कि गोलीबारी शुक्रवार शाम को पूर्वी यरुशलम के उत्तरी हिस्से में हुई।

**पुलिस ने बंदूकधारी को मार गिराया**

पुलिस ने कहा कि आतंकवादी कार से पूर्वी यरुशलम के उत्तरी हिस्से के पड़ोस में एक पूजा स्थल के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली इमारत पर पहुंचा और गोलियां चला दीं। पुलिस ने बंदूकधारी का पता लगाया और उसे गोली मार दी। उन्होंने कहा कि हमले में इस्तेमाल की गई एक पिस्तौल जब्त कर ली गई है। मैगन डेविड एडोम (एमडीए) बचाव सेवा ने कहा कि उसके चिकित्सकों ने घटनास्थल पर पांच पीड़ितों को मृत घोषित कर दिया। एमडीए स्टाफ ने कहा कि 70 साल की एक महिला और 20 साल के एक युवक की हालत की हालत गंभीर है और 14 साल के एक लड़के की हालत मध्यम रूप से गंभीर है। घायलों को हदासाह माउंट स्कोपस अस्पताल ले जाया गया।

रक्षा मंत्री के कार्यालय ने कहा कि रक्षा मंत्री योआव गैलेंट जल्द ही इस्राइल रक्षा बल के चीफ ऑफ स्टाफ, इस्राइल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के प्रमुख और अन्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक विशेष स्थिति आकलन बैठक करेंगे।

**इस्राइली कमांडो की कार्रवाई के दौरान 9 लोगों की हुई थी मौत**

बता दें कि जेनिन के उत्तरी वेस्ट बैंक शहर में गुरुवार को इस्राइली सेना और बंदूकधारियों के बीच भीषण संघर्ष हुआ था। इस कार्रवाई में एक बुजुर्ग महिला सहित नौ फिलिस्तीनियों को इस्राइली बलों द्वारा मार दिया गया था। इन झड़पों में किसी भी इस्राइली सैनिक को चोट नहीं आई थी।

इस्राइली सेना ने कहा कि उसने इस्लामिक जिहाद सशस्त्र समूह के सदस्यों को हिरासत में लेने के लिए जेनिन में विशेष बलों को भेजा था, जिन पर कई बड़े आतंकवादी हमलों को अंजाम देने और उसकी योजना बनाने का संदेह था। इसको लेकर छापा मारा गया था, लेकिन इस बीच सैनिकों और बंदूकधारियों के बीच भीषण संघर्ष छिड़ गया। स्थानीय निवासियों ने कहा कि दो मृत नागरिकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल थे। इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने दावा किया कि अचानक हमले ने इस्लामिक जिहाद के लोगों को निशाना बनाया जो कथित तौर पर इस्राइली सैनिकों और नागरिकों पर हमलों में शामिल थे। इस बीच रक्षा मंत्री गैलेंट ने आरोप लगाया कि हमले में मारे गए लोग इस्राइल में आतंकवादी हमला करने की योजना बना रहे थे।

फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस साल इस्राइली सेना द्वारा मारे गए फिलिस्तीनियों की संख्या 29 हो गई है। इन सब में उग्रवादी, इस्राइली लोगों पर हमला करने वाले और अन्य विद्रोही शामिल हैं। वहीं एक दिन में मरने वालों की संख्या को देखा जाए तो गुरुवार को वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों के लिए एक साल में सबसे घातक दिन था।

**इस्लामिक जिहाद ने बदला लेने की शपथ ली**

इस्लामिक जिहाद ने अपने प्रवक्ता के साथ बहुत जल्द बदला लेने की शपथ ली है। प्रवक्ता तारिक सल्मी ने कहा कि हमारे लोग हर जगह हैं और पूरी तरह तैयार हैं। साथ ही अगले टकराव के लिए इच्छुक हैं। गाजा पट्टी को नियंत्रित करने वाले फिलिस्तीनी समूह हमास के उप नेता सालेह अल–अरौरी ने शपथ ली है कि इस्राइल जेनिन नरसंहार के लिए कीमत चुकाएगा। वहीं, फिलिस्तीनी प्राधिकरण ने प्रतिक्रिया में इस्राइली सुरक्षा बलों के साथ चल रहे समन्वय को निलंबित कर दिया है। सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि आधी रात के बाद गाजा पट्टी से इस्राइली क्षेत्र की ओर दो रॉकेट दागे गए, जिन्हें इस्राइल की वायु रक्षा प्रणाली ने रोक दिया। सेना ने कहा कि इस्राइल ने हमास और इस्लामिक जिहाद के हथियारों के ठिकानों पर हवाई हमले किए।

**अमेरिका ने आतंकी हमले की निंदा की**

व्हाइट हाउस ने पूजा स्थल में हुए आतंकी हमले की निंदा की है। व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिका जीवन के नुकसान से स्तब्ध और दुखी है। एक प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन पियरे ने बंदूकधारी द्वारा किए गए हमले को श्जघन्यश करार दिया। उन्होंने कहा कि हम यरुशलम में एक पूजा स्थल में शुक्रवार शाम हुए जघन्य आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं और आठ निर्दोष पीड़ितों की हत्या सहित जनहानि से स्तब्ध और दुखी हैं। जीन–पियरे ने कहा कि अमेरिका इस्राइल सरकार और लोगों को अपना पूरा समर्थन देगा।

दुखद रूप से यह हमला अंतरराष्ट्रीय प्रलय स्मरण दिवस पर हुआ, जब दुनिया भर में होलोकॉस्ट में खोए लोगों की स्मृति को याद किया जाता है। व्हाइट हाउस के बयान के अनुसार, उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम को घायलों की सहायता करने और इस भयानक अपराध के अपराधियों को सजा दिलाने के लिए इस्राइल के समकक्षों के साथ तत्काल संपर्क करने का निर्देश दिया है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने भी इस आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि यह दिल दहला देनेवाली घटना है। हमारी प्रार्थनाएं और संवेदनाएं हिंसा के इस जघन्य कृत्य में मारे गए और घायल हुए लोगों के साथ हैं।

**भारत ने हमले की निंदा की**

भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी आतंकी हमले की निंदा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा, हम यरुशलम में पिछली रात हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। हम उन लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं, जिन्होंने अपनी जान गंवाई और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

इस्राइल की राजधानी यरुशलम के बाहरी इलाके नेवे याकोव स्ट्रीट पर एक पूजा स्थल में शुक्रवार को गोलीबारी की खबर सामने आई। इस्राइली बचाव सेवा ने बताया कि यरुशलम के पूजा स्थल में गोलीबारी हुई है। इस घटना में मरने वालों की संख्या आठ हो गई है और करीब 10 लोग घायल हैं। इस्राइल के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह घटना रात 8रू15 बजे (स्थानीय समयानुसार) हुई।

गोलीबारी एक आतंकवादी हमलारू पुलिस

यह हमला फिलिस्तीन के वेस्ट बैंक में इस्राइली सैनिकों द्वारा नौ लोगों के मारे जाने के एक दिन बाद हुआ है। पुलिस का कहना है कि यह गोलीबारी एक श्आतंकवादी हमलाश है। उन्होंने कहा कि गोलीबारी शुक्रवार शाम को पूर्वी यरुशलम के उत्तरी हिस्से में हुई।

पुलिस ने बंदूकधारी को मार गिराया

पुलिस ने कहा कि आतंकवादी कार से पूर्वी यरुशलम के उत्तरी हिस्से के पड़ोस में एक पूजा स्थल के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली इमारत पर पहुंचा और गोलियां चला दीं। पुलिस ने बंदूकधारी का पता लगाया और उसे गोली मार दी। उन्होंने कहा कि हमले में इस्तेमाल की गई एक पिस्तौल जब्त कर ली गई है। मैगन डेविड एडोम (एमडीए) बचाव सेवा ने कहा कि उसके चिकित्सकों ने घटनास्थल पर पांच पीड़ितों को मृत घोषित कर दिया। एमडीए स्टाफ ने कहा कि 70 साल की एक महिला और 20 साल के एक युवक की हालत की हालत गंभीर है और 14 साल के एक लड़के की हालत मध्यम रूप से गंभीर है। घायलों को हदासाह माउंट स्कोपस अस्पताल ले जाया गया।

रक्षा मंत्री के कार्यालय ने कहा कि रक्षा मंत्री योआव गैलेंट जल्द ही इस्राइल रक्षा बल के चीफ ऑफ स्टाफ, इस्राइल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी शिन बेट के प्रमुख और अन्य सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक विशेष स्थिति आकलन बैठक करेंगे।

इस्राइली कमांडो की कार्रवाई के दौरान 9 लोगों की हुई थी मौत

बता दें कि जेनिन के उत्तरी वेस्ट बैंक शहर में गुरुवार को इस्राइली सेना और बंदूकधारियों के बीच भीषण संघर्ष हुआ था। इस कार्रवाई में एक बुजुर्ग महिला सहित नौ फिलिस्तीनियों को इस्राइली बलों द्वारा मार दिया गया था। इन झड़पों में किसी भी इस्राइली सैनिक को चोट नहीं आई थी।

इस्राइली सेना ने कहा कि उसने इस्लामिक जिहाद सशस्त्र समूह के सदस्यों को हिरासत में लेने के लिए जेनिन में विशेष बलों को भेजा था, जिन पर कई बड़े आतंकवादी हमलों को अंजाम देने और उसकी योजना बनाने का संदेह था। इसको लेकर छापा मारा गया था, लेकिन इस बीच सैनिकों और बंदूकधारियों के बीच भीषण संघर्ष छिड़ गया। स्थानीय निवासियों ने कहा कि दो मृत नागरिकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल थे। इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने दावा किया कि अचानक हमले ने इस्लामिक जिहाद के लोगों को निशाना बनाया जो कथित तौर पर इस्राइली सैनिकों और नागरिकों पर हमलों में शामिल थे। इस बीच रक्षा मंत्री गैलेंट ने आरोप लगाया कि हमले में मारे गए लोग इस्राइल में आतंकवादी हमला करने की योजना बना रहे थे।

फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस साल इस्राइली सेना द्वारा मारे गए फिलिस्तीनियों की संख्या 29 हो गई है। इन सब में उग्रवादी, इस्राइली लोगों पर हमला करने वाले और अन्य विद्रोही शामिल हैं। वहीं एक दिन में मरने वालों की संख्या को देखा जाए तो गुरुवार को वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों के लिए एक साल में सबसे घातक दिन था।

इस्लामिक जिहाद ने बदला लेने की शपथ ली

इस्लामिक जिहाद ने अपने प्रवक्ता के साथ बहुत जल्द बदला लेने की शपथ ली है। प्रवक्ता तारिक सल्मी ने कहा कि हमारे लोग हर जगह हैं और पूरी तरह तैयार हैं। साथ ही अगले टकराव के लिए इच्छुक हैं। गाजा पट्टी को नियंत्रित करने वाले फिलिस्तीनी समूह हमास के उप नेता सालेह अल–अरौरी ने शपथ ली है कि इस्राइल जेनिन नरसंहार के लिए कीमत चुकाएगा। वहीं, फिलिस्तीनी प्राधिकरण ने प्रतिक्रिया में इस्राइली सुरक्षा बलों के साथ चल रहे समन्वय को निलंबित कर दिया है। सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि आधी रात के बाद गाजा पट्टी से इस्राइली क्षेत्र की ओर दो रॉकेट दागे गए, जिन्हें इस्राइल की वायु रक्षा प्रणाली ने रोक दिया। सेना ने कहा कि इस्राइल ने हमास और इस्लामिक जिहाद के हथियारों के ठिकानों पर हवाई हमले किए।

अमेरिका ने आतंकी हमले की निंदा की

व्हाइट हाउस ने पूजा स्थल में हुए आतंकी हमले की निंदा की है। व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिका जीवन के नुकसान से स्तब्ध और दुखी है। एक प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरीन जीन पियरे ने बंदूकधारी द्वारा किए गए हमले को श्जघन्यश करार दिया। उन्होंने कहा कि हम यरुशलम में एक पूजा स्थल में शुक्रवार शाम हुए जघन्य आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं और आठ निर्दोष पीड़ितों की हत्या सहित जनहानि से स्तब्ध और दुखी हैं।

JJ MEDIA NEWS
हम बनेंगे आपकी आवाज
झुग्गी झोपड़ी
हिन्दी दैनिक
आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश व अन्य प्रदेश मे कार्य करने हेतु लोगो की आवश्यकता है
संपर्कः– 277/129 चकिया जगमल का हाता
जनपद प्रयागराज पिन कोड 211016
उत्तर प्रदेश
9918366626 , 9140343290

